रोहतक
शुक्रवार, 11 जुलाई 2025
श्रावण मास कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा वर्ष : 29, अंक : 161
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

**मौसम**
अधि. 34.5
न्यून. 20.1

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

विश्व जनसंख्या दिवस आज

## गुरुग्राम की कंपनियों में वर्क फ्रॉम होम के आदेश, दिल्ली में छह फ्लाइट डायवर्ट कीं

# भारी बारिश से दिल्ली-एनसीआर में बाढ़ जैसे हालात, हरियाणा में 5 लोगों की मौत

हरिभूमि टीम ▸▸| हरियाणा

हरियाणा-दिल्ली-एनसीआर में गुरुवार को भारी बारिश के कारण बाढ़ जैसे हालात हो गए, वहीं हरियाणा में 5 लोगों की मौत हो गई। इनमें 3 की मौत गुरुग्राम और दो की मौत पलवल में हुई है। शुक्रवार को भी तेज बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, खराब मौसम के कारण दिल्ली में 6 फ्लाइट्स को डायवर्ट करना पड़ा। इनमें 4 फ्लाइट जयपुर और 2 फ्लाइट लखनऊ डायवर्ट की गईं। कुछ उड़ानों में देरी भी हुई। गुरुग्राम की सड़कों पर बाढ़ जैसे हालात बन गए। गाड़ियां पानी में तैरती दिखीं। सड़कों पर चल रहे लोगों की कमर के ऊपर तक पानी पहुंच गया। गुरुग्राम में 90 मिनट में 103 एमएम बारिश हुई। गुरुग्राम जिला प्रशासन ने एडवाइजरी जारी कर सभी कॉर्पोरेट ऑफिस और प्राइवेट इंस्टीट्यूट से अपने कर्मचारियों को वर्क फॉर्म होम देने की सलाह दी है।

### इन जिलों में जलभराव

हिसार और जींद में तेज बारिश हुई। गुरुग्राम में सड़क धंसने से ट्रक उसमें गिर गया। हिसार, गुरुग्राम, झज्जर, भिवानी, जींद, पंचकूला, रेवाड़ी, कुरुक्षेत्र, सोनीपत, महेंद्रगढ़ और नूंह में बारिश हुई। इससे सड़कों पर पानी भी गया और घरों में भी पानी घुस गया। लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### मौसम विभाग का दावा, 15 जुलाई तक ऐसा ही रहेगा मौसम


हिसार में बरसात के पानी से लबालब सड़क

*हिसार स्थित चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ के मुताबिक मानसून ट्रफ के उत्तरी सीमा पर होने की वजह से प्रदेश में 15 जुलाई तक बारिश का मौसम बना रहेगा।*

### यहां हुए हादसे

- पलवल के गांव सोफ्ता में बारिश की वजह से पेट्रोल पंप की दीवार गिर गई। जिससे उसके पास से गुजर रहे 6 मजदूर दब गए, जिनमें से 2 की मौत हो गई। 3 को गंभीर हालत में दिल्ली रेफर किया गया है। एक मजदूर की हालत खतरे से बाहर है। ये सब रात 10 बजे काम निपटाकर घर वापस लौट रहे थे।
- गुरुग्राम में दोपहर अरावली की पहाड़ियों में झरना देखने गए 3 युवकों की फिसलने मौत हो गई है। एक युवक वहां गड्ढे में भरे पानी में नहाने चला गया। वह डूबने लगा तो बाकी 2 उसे बचाने कूदे और तीनों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान सुरजीत, आशीष और देवेंद्र के रूप में हुई है।

## सूबे में 4.4 तीव्रता का भूकंप दिल्ली-एनसीआर भी हिले

**हरियाणा/नई दिल्ली (हरिभूमि न्यूज)।** हरियाणा में झज्जर के पास गुरुवार सुबह 4.4 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके झटके दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में भी महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि भूकंप का केंद्र झज्जर से तीन किलोमीटर उत्तरपूर्व व दिल्ली से 51 किलोमीटर पश्चिम में जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप के झटके सुबह नौ बजकर चार मिनट पर महसूस किए गए। झज्जर के अलावा भूकंप के झटके पड़ोसी रोहतक और गुरुग्राम जिलों, पानीपत, हिसार और मेरठ में भी महसूस किए गए। भूकंप के कारण कई लोग अपने घरों से बाहर निकल आए।

■ जींद, बहादुरगढ़, रोहतक, झज्जर, गुरुग्राम, पानीपत, हिसार में आया भूकंप

### लोगों में दहशत फैली

दिल्ली में भूकंप के झटके महसूस होते ही दहशत फैल गई और लोग खुले स्थानों पर इकट्ठा हो गए। लोग अपने घरों से बाहर भागे, कई तो नंगे पैर ही घरों से बाहर निकल पड़े। विकासपुरी निवासी सुल्तान खान ने बताया कि यह बहुत ही डरावना अनुभव था। बीते छह महीने में दिल्ली और एनसीआर में तीसरी बार भूकंप आया है। इससे पहले 19 अप्रैल और 17 फरवरी को भी भूकंप आया था।

## गुरु पूर्णिमा पर 2 छात्रों ने चाकुओं से गोदकर की स्कूल प्रिंसिपल की हत्या

### हिसार के गांव बास में वारदात, मौके से चाकू बरामद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारनौंद/हिसार

गांव बास में गुरु पूर्णिमा के मौके पर करतार सिंह मेमोरियल स्कूल के दो छात्रों ने चाकुओं से गोदकर प्रिंसिपल जगबीर पानू को गंभीर रूप से घायल कर दिया। वारदात के बाद दोनों छात्र स्कूल से फरार हो गए। प्रिंसिपल को एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। जहां डॉक्टर्स ने उनको मृत घोषित कर दिया। एसपी अमित यशवर्धन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। सीन ऑफ क्राइम की टीम ने पहुंचकर जरूरी साक्ष्य जुटाए। गांव पुट्ठी के दो छात्र गांव बास के करतार सिंह मेमोरियल स्कूल में 11वीं और 12वीं कक्षा में पढ़ते थे। दोनों नाबालिग छात्र गुरुवार को स्कूल में पहुंचे और यूनिट टेस्ट देने के बाद जैसे ही वह कमरे से बाहर आए उन्होंने स्कूल के प्रिंसिपल रूम में जाकर पुट्ठी निवासी 52 वर्षीय प्रिंसिपल जगबीर पानू पर चाकू से हमला कर दिया। इससे प्रिंसिपल वहीं गिर गए।



■ इंस्टाग्राम पर वीडियो वायरल करने की धमकी भी दी
■ दोनों छात्र 11वीं और 12वीं कक्षा में पढ़ते थे

### छात्रों को पकड़ने में लगी पुलिस : एसपी

हांसी एसपी अमित यशवर्धन ने कहा कि वारदात में स्कूल के ही दो छात्रों के नाम सामने आए हैं। जिनको पकड़ने के लिए पुलिस टीम लगी हुई है। इस घटना में जो कुछ भी सामने आएगा उसकी हम पूरी तरह से जांच करवाएंगे।

### वीडियो वायरल करने की धमकी

इस घटना के बाद स्कूल में दहशत का माहौल है सभी छात्र और स्कूल का स्टाफ डरा हुआ है। घटना के बाद दोनों छात्रों ने इंस्टाग्राम पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी है।

### लीज पर लिया था स्कूल

गांव पुट्ठी निवासी जगबीर पानू ने दो साल पहले ही करतार सिंह मेमोरियल स्कूल को पूर्व विधायक स्वर्गीय सरोज मोर के परिजनों से लीज पर लिया था। जगबीर की पत्नी गृहिणी है और उनके दो बेटे हैं एक बेटा संजीव एमबीबीएस डॉक्टर है और एक बेटा समीर एडवोकेट है।

## पानीपत में इकलौते बेटे ने मां के साथ किया दुष्कर्म

» *नशे का आदी था आरोपित, 50 वर्षीय मां के साथ दरिंदगी*

» *घर शराब पीकर आया, मां के साथ गाली-गलौज की*

**इसराना/पानीपत।** इसराना क्षेत्र के एक गांव में इकलौते बेटे द्वारा अपनी 50 वर्षीय सगी मां के साथ दुषकर्म किए जाने का मामला सामने आया है। नशे के आदी आरोपित का 4 साल पहले पत्नी से तलाक हो चुका है। बताया जा रहा है कि आरोपित बेटा 8 जुलाई की रात को घर पर शराब पीकर आया और मां के साथ गाली-गलौज की। इसके बाद उसने मां के साथ दरिंदगी की और विरोध करने पर मां को पीटा। अगली सुबह महिला ने अपनी बेटियों व बाहर गए पति से इस बारे में बात की और शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### पत्नी दे चुकी तलाक

पुलिस के अनुसार आरोपित बेटा शराब पीकर घर पहुंचा और नग्न होकर कमरे में पड़ गया। जब उसकी मां उसको खाना पूछने गई तो वह उसको गाली देने लगा। इसके बाद महिला अपने कमरे में चली गई और चार साल के पोते के सो गई। रात करीब रात 12 बजे वह अपनी मां के कमरे में घुस गया और टीवी की आवाज तेज कर मां के साथ रेप किया। महिला ने बताया कि उसके बेटे की शादी हुई थी ओर बच्चे भी हैं। परन्तु इसके नशे का आदी होने के चलते पत्नी तलाक़ देकर चली गई है।

## टेनिस प्लेयर बेटी के अकेडमी चलाने से नाराज बिल्डर पिता ने कर दी हत्या

**गुरुग्राम (हरिभूमि न्यूज)।** गुरुग्राम में गुरुवार दोपहर बिल्डर बाप दीपक यादव ने टेनिस खिलाड़ी बेटी राधिका यादव (25) की गोली मारकर हत्या कर दी। राधिका किचन में खाना बना रही थी, उसी वक्त बाप ने उसे लाइसेंसी रिवॉल्वर से 3 गोलियां मार दीं। राधिका की लाश किचन में खून से लथपथ मिली। पुलिस ने आरोपित पिता को हिरासत में ले लिया। मौके से रिवॉल्वर बरामद हुआ है। पुलिस ने चाचा की शिकायत पर हत्या का केस दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि राधिका टेनिस अकेडमी चलाती थी, जिससे अच्छी कमाई हो रही थी। उसके पिता को लोग ताने मारते थे कि बेटी की कमाई खा रहा है। तानों से परेशान बाप ने उसे अकेडमी बंद करने को कहा। मगर, राधिका नहीं मानी तो उसने गोली मार दी।


गुरुग्राम में वारदात, पीठ में 3 गोलियां मारीं

### कंधे में चोट लगी तो अकेडमी खोली

दीपक ने बताया कि करीब तीन माह पहले राधिका के कंधे में चोट लग गई थी। यह चोट टेनिस खेलते वक्त ही लगी थी। उन्होंने डॉक्टर से इलाज कराया। चोट से तो आराम मिल गया, लेकिन बेटी ने टेनिस खेलना छोड़ दिया। इसके बाद राधिका ने अपनी अकेडमी खोल ली, जहां वह लड़के-लड़कियों को टेनिस सिखाती थीं। राधिका एक बेहतरीन टेनिस खिलाड़ी थी वह कई अवार्ड जीत चुकी थी।

## एसवाईएल पर सभी दल समाधान हितैषी रुख अपनाने पर सहमत

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार सतलुज-यमुना लिंक (एसवाईएल) नहर विवाद का संतुलित समाधान निकालने में पंजाब और हरियाणा दोनों की सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष समाधान हितैषी रुख के साथ आगे बढ़ने पर सहमत हुए हैं। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने लंबे समय से लंबित अंतर-राज्यीय जल विवाद पर चर्चा के लिए बुधवार को यहां एक बैठक बुलाई थी। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के अलावा दोनों राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी और केंद्र के प्रतिनिधि बैठक में शामिल हुए।

■ जल शक्ति मंत्री पाटिल बोले, हम पंजाब एवं हरियाणा की मदद को प्रतिबद्ध

## ऑनलाइन सट्टेबाजी: 29 अभिनेताओं इनफ्लुएंसर और यूट्यूबर पर मुकदमा

**हैदराबाद (भाषा)।** ईडी ने ऑनलाइन सट्टेबाजी मंचों पर धनशोधन जांच के तहत तेलंगाना में कुछ सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और यूट्यूबर के अलावा विजय देवरकोंडा, राणा दग्गुबती एवं प्रकाश राज जैसे अभिनेताओं सहित 24 से अधिक मशहूर हस्तियों की भूमिका की जांच के लिए धनशोधन का मामला दर्ज किया है। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि इन माध्यमों से अवैध सट्टेबाजी और जुए के जरिए करोड़ों रुपये की अवैध धनराशि अर्जित करने का आरोप हैं। ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज करने के लिए पांच राज्यों की पुलिस की प्राथमिकियों का संज्ञान लिया है।

आरोपितों में अभिनेता विजय देवरकोंडा, राणा दग्गुबती एवं प्रकाश राज शामिल

### बाजार का हाल

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 83,190.28 | 345.80 ▼ |
| निफ्टी | 25,355.25 | 120.85 ▼ |
| **धातु** | **कीमत** | **तेजी** |
| सोना | 98,670/- | 250/- ▲ |
| चांदी | 1,04,000/- | --- |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर/नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 85.70 | 3 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल | 69.95 बैरल | 0.34% ▼ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

### अंदर के पन्नों पर

▸▸ निजी स्कूल बस खेतों में उतरी, बाल-बाल बचे 50 बच्चे पेज-3
▸▸ शशि थरूर बोले आपातकाल काला अध्याय था : पेज-5
▸▸ हसीना पर मानवता के विरुद्ध अपराध का केस चलेगा पेज-8
▸▸ 18 को नौसेना में शामिल होगा निस्तार पेज-8

**सुप्रीम कोर्ट के चुनाव आयोग को निर्देश**

## प्रूफ के रूप में आधार, राशन व वोटर कार्ड शामिल करने पर विचार करे

भाषा ▸▸| नई दिल्ली

बिहार में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। लंबी बहस के बाद सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिए कि वह पुनरीक्षण के लिए जरूरी दस्तावेजों में आधार कार्ड, राशन कार्ड और वोटर कार्ड को शामिल करने पर विचार करे। साथ ही तीन मुद्दों पर जवाब दाखिल करे। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को नोटिस जारी करते हुए सुनवाई की अगली तारीख 28 जुलाई तय की है। सुप्रीम कोर्ट ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर रोक नहीं लगाई है, क्योंकि याचिकाकर्ताओं ने अंतरिम रोक की मांग नहीं की है।



बिहार में मतदाता सूची का पुनरीक्षण जारी रहेगा
● अदालत ने इसे संवैधानिक जिम्मेदारी बताया

### चुनाव आयोग को हलफनामा दायर करने के लिए हफ्ते का समय दिया

जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जॉयमाला बागची की पीठ ने कहा कि हम सांविधानिक संस्था को वह करने से नहीं रोक सकते जो उसे करना चाहिए। कोर्ट ने चुनाव आयोग को अपना हलफनामा दायर करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है। वहीं, याचिकाकर्ताओं को उसके एक सप्ताह बाद जवाब दाखिल करने के लिए कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने तीन मुद्दों पर मांगा जवाब: सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग से तीन मुद्दों पर जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग के वकील से कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि अदालत के समक्ष जो मुद्दा है वह लोकतंत्र की जड़ और मतदान के अधिकार से जुड़ा है। याचिकाकर्ता न केवल चुनाव आयोग के मतदान कराने के अधिकार को चुनौती दे रहे हैं, बल्कि इसकी प्रक्रिया और समय को भी चुनौती दे रहे हैं। इन तीन मुद्दों पर जवाब देने की जरूरत है।






## खबर संक्षेप

### हरियाणा को दिल्ली में पॉलिसी लीडरशिप अवार्ड

**चंडीगढ़।** हरियाणा को कृषि व किसान कल्याण के क्षेत्र मे उल्लेखनीय कार्य करने के लिए पॉलिसी लीडरशिप अवार्ड मिला है। केंद्रीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने आज देर शाम नई दिल्ली में आयोजित 16वें एग्रीकल्चर लीडरशिप कान्क्लेव - 2025 में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को यह सम्मान प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने यह सम्मान प्राप्त कर इस उपलब्धि का श्रेय प्रदेश के कर्मठ और परिश्रमी किसानों को दिया। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि खेती केवल व्यवसाय नहीं है, यह हमारी संस्कृति है, हमारी आत्मा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत-2047 का जो संकल्प लिया है उसमें हमारा अन्नदाता उसका प्रमुख स्तंभ है।

### कमलेश बनी डीएससी एसोसिएशन की प्रधान

**चंडीगढ़।** हरियाणा सिविल सचिवालय चंडीगढ़ में वंचित अनुसूचित जाति के अधिकारियों/कर्मचारियों की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता अधीक्षक सुनील कुमार ने की। इस अवसर पर हरियाणा सिविल सचिवालय वंचित अनुसूचित जाति कर्मचारी (डीएससी) एसोसिएशन, चंडीगढ़ का गठन किया गया। बैठक में एसोसिएशन के पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। इनमें कमलेश को प्रधान, नरेंद्र चौहान को उपप्रधान, सोनू सक्सेना को महासचिव तथा अनिल कुमार को वित्त सचिव मनोनीत किया गया। बैठक में त्रिलोक, सुनील, राजेश, गुलाब, चेतन, अनिल नागर, विक्रम, विनोद मौजूद रहे।

### हरियाणा के एचसीएस अफसरों की बतौर आईएएस पदोन्नति का मामला

# यूपीएससी की बैठक पर जमी नजरें, आठ चार्जशीट अफसरों की प्रमोशन पर तलवार

- मुख्य सचिव सहित तीन अफसरों जाएंगे दिल्ली 14 को होगा मंथन

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के एचसीएस अफसरों को पदोन्नति देकर आईएएस बनाए जाने के मामले में अब सभी की नजरें संघ लोक सेवा आयोग की 14 जुलाई को दिल्ली में होने वाली बैठक पर लगी हुई हैं। हरियाणा सरकार की ओर से भेजी गई सूची में शामिल आठ नामों को लेकर पेंच फंसा हुआ है। जिन आठ एचसीएस अफसरों के विरुद्ध अदालत में ट्रायल चल रहा है, उनको पदोन्नति का मामला अभी से एक बार फिर लटकता हुआ नजर आने लगा है।

उल्लेखनीय है कि राज्य से मुख्य सचिव और अन्य दो आईएएस की कमेटी इस सिलसिले में 14 जुलाई को दिल्ली जाएगी। हालांकि पदोन्नति होगी और मामला टल जाएगा यह बात भी पूरी तरह से साफ नहीं है। कमेटी में संघ लोक सेवा आयोग की ओर से कई वरिष्ठ अफसर शामिल होते हैं, साथ ही वहां पर पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से काम होगा। अब पदोन्नति के मामले में होने वाले मंथन और अहम बैठक में तीन दिनों का वक्त शेष रह गया है। यूपीएससी की ओर से 48 एचसीएस अफसरों के नामों को लेकर बैठक में विचार मंथन किया जाएगा।

### 27 पदों को पदोन्नति के जरिये भरा जाना है

27 पदों को पदोन्नति के जरिये भरा जाना है। वैसे, 48 में 8 उन एचसीएस के नाम भी शामिल हैं, जिनके विरुद्ध ट्रायल चल रहा है। खास बात यह है कि एंटी करप्शन ब्यूरो इन अफसरों के विरुद्ध जुलाई 2023 में हिसार जिला अदालत में चार्जशीट पेश कर चुका है। ये 2002 बैच के एचसीएस अधिकारी हैं। जिसमे वीना हुड्डा, सुरेंद्र सिंह, जगदीप ढांडा, सरिता मलिक, कमलेश भादू, कुलधीर सिंह, वत्सल वशिष्ठ व जगनिवास के नाम शामिल हैं। अदालती मामले में कुल मिलाकर मामले में 29 के नाम हैं, जिसमें छह हरियाणा लोक सेवा आयोग से संबंधित अधिकारी कर्मचारी, 9 प्रश्न पत्र चेक करने वालों के नाम भी चार्जशीट में शामिल हैं।

### डीओपीटी के हिसाब से भेजे गए दस्तावेज

यहां पर बता दें कि इस बार भी सूबे की नायब सैनी सरकार की ओर से पूरे मामले में डीओपीटी द्वारा जिस तरह से ब्योरा मांगा गया था, उसी तरह से अपडेट कर भेज दिया है। जिसमें 8 एचसीएस अफसरों की चार्जशीट को लेकर भी स्पष्ट कर दिया है। मामले में अब 14 जुलाई को हरियाणा के मुख्य सचिव और दो अन्य आईएएस अफसरों को दिल्ली बुलाया गया है। जहां पर पदोन्नति मामले को लेकर चिंतन मंथन होगा।

### स्पष्ट राय मांगी

याद रहे कि साल 2002-2004 बैच के आठ एचसीएस अधिकारियों की पदोन्नति के मामले में कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) की ओर कुछ अन्य ब्योरा और स्पष्ट राय देने को कहा था। ब्योरा भेज दिया है। हालांकि सॉलिसिटर जनरल की राय अलग होने के बाद भी सरकार ने पॉजिटिव दस्तावेज भेजे हैं। बाकी अफसरों की पदोन्नति की फाइल भी पहुंची है। एक मामले में चार्जशीट दायर पर केंद्र ने प्रमोशन के प्रस्ताव को वापस भेजा जा चुका था। सरकार की ओर से दलील दी गई थी कि चार्जशीट को अंतिम रिपोर्ट न माना जाए।

### केंद्र ने वापस भेजा

सरकार ने मार्च में 2002, 2003 और 2004 बैच के 27 एचसीएस अधिकारियों को आईएएस अधिकारियों के रूप में पदोन्नति देने का प्रस्ताव पूर्व में भेजा था। लेकिन केंद्र ने 2002 बैच के आठ एचसीएस अधिकारियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल होने की वजह से प्रस्ताव को वापस भेज दिया था। एसीबी ने हिसार की अदालत में 2023 में एक आरोपपत्र दायर किया था, जिसमें 2002 बैच के एचसीएस अधिकारियों की भर्ती में अनियमितताओं का आरोप लगाया गया था। प्रस्ताव पर केंद्र ने सॉलिसिटर जनरल से राय मांगी गई।

**भेजा प्रस्ताव**

### बाकि अफसरों को तोहफे का इंतजार

राज्य सरकार ने जिन 27 अफसरों के नाम पदोन्नति के लिए भेजे थे, उनमें 2020 बैच के लिए तीन, 2021 बैच के लिए चार, 2022 बैच के लिए आठ, 2023 बैच के लिए 10 और 2024 बैच के लिए दो रिक्तियां हैं। केंद्र ने राज्य सरकार को मामले में सभी तथ्यों की बारीकी से जांच करने के बाद दोबारा से प्रस्ताव भेजने को कहा था। सरकार सॉलिसिटर जनरल की ओर से दी गई राय को ध्यान में रखकर केंद्र को प्रस्ताव भेज दिया है जिसके बाद ही तारीख तय कर अफसरों को बुलाया गया है। अफसरों को उम्मीद है कि उन्हें जल्द ही पदोन्नति का तोहफा मिल सकता है।

### कांग्रेस नेता कर चुके आपत्ति

2002 बैच एचसीएस अधिकारियों के पदोन्नति पर कांग्रेस नेता व पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल ने भी आपत्ति उठाते हुए पत्र लिख दिया था। उनकी दलील थी कि एसीबी ने 2002 बैच के एचसीएस अधिकारियों के चयन में अनियमितता पाई थी। इन अधिकारियों को जालसाजी और धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार सहित कई अपराधों के लिए चार्जशीट किया जा चुका है।

## चुनाव से पहले बीजेपी वोटर लिस्ट में गड़बड़ करती है : अनुराग



**चंडीगढ़।** दिल्ली-बिहार में विधानसभा चुनावों से पहले मतदाता सूची को लेकर चल रही विशेष पुनः निरीक्षण प्रक्रिया पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा उठाए गए सवालों के बाद आम आदमी पार्टी ने चुनाव आयोग और भारतीय जनता पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने कहा कि साफ हो गया है कि भाजपा हर चुनाव से पहले मतदाता सूची में गड़बड़ी करवाती है और चुनाव आयोग उसकी मदद करता है। बीजेपी का यह तरीका नया नहीं है। हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली-हर चुनाव से पहले एक पैटर्न के तहत मतदाता सूची में बड़े स्तर पर छेड़छाड़ की गई है।

## बिहार में फर्जी पार्टियां, फर्जी नेता, फर्जी वोटरों की पहरदारी कर रहे : विज



**चंडीगढ़।** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि बिहार में वोटो सत्यापन हो रहा है तो कुछ फर्जी पार्टियां और कुछ फर्जी नेता फर्जी वोटरों की पहरदारी कर रहे हैं। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि प्रदर्शन या जुलूस के दौरान आवश्यक वाहनों को जाने के लिए एक राष्ट्रीय नीति बननी चाहिए ताकि मरीज इत्यादि को समय पर उपचार इत्यादि मिल सकें। विज मीडिया कर्मियों द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बयान दिया है कि महाराष्ट्र की तरह हम बिहार में धांधलियां नहीं होने देंगे, के संबंध में पूछे सवाल का जवाब दे रहे थे।


भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी- पेस),
आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वीं मंज़िल,
प्लाट P-6,7,8, से.-5, आई.एम.टी. मानेसर,
गुडगाँव, हरियाणा - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Corporate Affairs
Centre for Processing Accelerated Corporate Exit (C-PACE)
IICA Building, 7th Floor, Plot P-6,7,8, Sector-5, IMT Manesar,
Gurgaon, Haryana - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

प्रारूप संख्या एसटीके-6

सार्वजनिक सूचना

{कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में।}

सार्वजनिक नोटिस ROC/C-PACE/STK-2/248(2)/2025-26/787 दिनांक: -01.07.2025

संदर्भ:

1. कम्पनी अधीनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित (29) कम्पनियों का नाम हरियाणा राज्य से हटाने के मामले में:

| S. No | Work Item | CIN | Hindi Name |
|---|---|---|---|
| 1 | AB4950808 | U63120HR2025OPC129905 | क्लिककल्ट ईकॉमर्स (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड |
| 2 | AB4900334 | U68200HR2024OPC124932 | सच रहमत प्रॉपटी एडवाइजर (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड |
| 3 | AB4200052 | U62013HR2024PTC122890 | टैंड साइबर सिक्योरिटी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 4 | AB4472196 | U47820HR2024PTC121375 | योलीन ट्रेड्ज प्राइवेट लिमिटेड |
| 5 | AB4619801 | U56102HR2024PTC121535 | बुलियनएज टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड |
| 6 | AB4683393 | U78300HR2024PTC120315 | रोलिंग गुड फूड प्राइवेट लिमिटेड |
| 7 | AB4546946 | U47620HR2023PTC110831 | बीट रूट रिकॉर्डस प्राइवेट लिमिटेड |
| 8 | AB4696335 | U74999HR2018PTC072415 | मैक्सिमा सेल्स एंड मैनेजमेंट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 9 | AB4293163 | U24235HR2022PTC107894 | एफएनबी फ्रैग्रेस एंड लाइफस्टाइल प्राइवेट लिमिटेड |
| 10 | AB4815792 | U45309HR2023PTC108893 | सुप्म प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 11 | AB4623946 | U80903HR2022PTC103007 | फर्स्ट एसेट एजुटेक प्राइवेट लिमिटेड |
| 12 | AB4459295 | U29309HR2022PTC106374 | इसार मेटल्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 13 | AB4340186 | U40106HR2022FTC100433 | ग्रीननेक्स्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 14 | AB4437103 | U28999HR2022PTC100398 | स्पॉट प्रीफैब्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 15 | AB4817719 | U72900HR2021PTC097842 | टेस्ने टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड |
| 16 | AB4293094 | U45309HR2021PTC096159 | आईईएलएमसीपीपीएल जेवी प्राइवेट लिमिटेड |
| 17 | AB4499932 | U52399HR2021PTC096167 | सिंकइट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 18 | AB4310500 | U72200HR2021PTC097543 | ऑक्टाकॉन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 19 | AB4682106 | U63030HR2021PTC092397 | डी टेक लॉजिस्टिक सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 20 | AB4688010 | U72900HR2020PTC088235 | जेनोक्स प्लेटफॉर्म प्राइवेट लिमिटेड |
| 21 | AB4415011 | U74999HR2020PTC088106 | एग्रीटेक एनेबलर्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 22 | AB4380997 | U74999HR2020PTC085877 | एएसएस प्रीपेड सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 23 | AB4535997 | U72100HR2019FTC080371 | विनज़ोन टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड |
| 24 | AB4349529 | U72900HR2021PTC095872 | कार्टेला इंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 25 | AB4733698 | U74999HR2017PTC071405 | डिजाइन पॉपी प्राइवेट लिमिटेड |
| 26 | AB4442493 | U72900HR2017PTC069053 | मदन इनोवेशन्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 27 | AB4327867 | U74140HR2015FTC057277 | एफेसॉफ्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 28 | AB4570194 | U72900HR2015PTC056051 | हेल्थिओज़ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 29 | AB4957806 | U17219HR2007PTC036675 | कैलैफी बेड एंड बाथ (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड |

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे है या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षो से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रूप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अतः कम्पनी ने रजिस्ट्रार से अपना/अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है।

3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है।

4. यदि किसी व्यक्ति/संस्था को/कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं।

रौनक अग्रवाल
सहायक रजिस्ट्रार
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र

CBC 07123/11/0300/2526


## जालंधर में सीएम नायब सैनी ने संतों का आशीर्वाद लिया



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने वीरवार को पंजाब के जालंधर स्थित नूर महल में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान का दौरा किया और वहां आयोजित गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के पूज्य आशुतोष जी महाराज के चित्र को नमन कर उनका आशीर्वाद लिया और सभी श्रद्धालुओं को गुरु पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पावन दिन हमें उन महान गुरुओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर देता है, जिन्होंने ज्ञान का प्रकाश देकर हमें जीवन जीने की सही दिशा दिखाई। इसके बाद मुख्यमंत्री ने बाबा मोहन दास आश्रम, जालंधर में पहुंचकर बाबा मोहन दास जी महाराज का आर्शीवाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि हम सभी आज गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर एकत्र हुए हैं।

## स्वास्थ्य मंत्री कल करेंगी उज्ज्वल दृष्टि हरियाणा अभियान का शुभारंभ

**चंडीगढ़।** आंखों की सेहत सुधारने और रोके जा सकने वाले अंधत्व की रोकथाम की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हरियाणा की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती सिंह राव कल 'उज्ज्वल दृष्टि हरियाणा अभियान' का शुभारंभ करेंगी। यह राज्यव्यापी अभियान स्कूली बच्चों को निःशुल्क चश्मे उपलब्ध कराने और 45 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को निकट दृष्टि सुधार प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत 1.4 लाख से अधिक चश्मों का एक साथ वितरण किया जाएगा, जो कि राज्य के 22 जिला अस्पतालों, 50 उपमंडलीय अस्पतालों और 122 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से किया जाएगा। यह देश में अपनी तरह का सबसे बड़ा और अनूठा अभियान होगा।


## कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।

DD.NO.25 दिनांक 09.07.2025 धारा 194 बी.एन.एस एस. थाना कुण्डली सोनीपत जिला सोनीपत।



**नाश की पहचान**

नाम-नामालुम
पिता का नाम- नामालुम
पता-नामालुम ।
उम्र-40 वर्ष।
कद-5 फुट 6 ईन्च।
हुलियाः- रंग सांवला, हष्ट पुष्ट शरीर, लम्बुतरा चेहरा दाडी व मूछ है।
पहनावा-हरे रंग की कमीज व नीले रंग की लोवर पहने हुए हैं।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 09.07.2025 को एक नाम पता नामालुम नाश हसीजा अस्पताल कुण्डली दिवार के पास मिली है। नाश को शिनाख्त हेतू मोर्चरी हाउस पी.जी.आई. खानपुर रखवाया गया है। अगर किसी को इस बारे कोई सुराग मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।

प्रबन्धक थाना मो. नं. - 7419410537
अनुसंधान कर्ता मो. नं. – 7206208429
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/3627/2026/36464/88/6 दि. 10.07.25



## कार्यालय जिला नगर आयुक्त, महेंद्रगढ स्थित नारनौल। सार्वजनिक सूचना

**लाल डोरा / आबादीदेह शहरी क्षेत्र, जिला महेंद्रगढ के संपत्ति प्रमाण पत्र बारे।**

इस नोटिस / इश्तिहार के माध्यम से सभी आम व खास को सूचित किया जाता है कि संपत्तिकर सर्वे के दौरान दर्ज प्रविष्टियों व शहरी स्थानीय निकाय विभाग के पत्र कमांक DULB/DMC-HQ-2024/142 दिनांक 12.03.2024 व पत्र कमांक DULB/CTP-II/2024/134 दिनांक 11.07.2024 द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जिला महेंद्रगढ की सभी परिषद / पालिकाओं कमशः नारनौल, महेंद्रगढ, अटेली मण्डी, नांगल चौधरी, कनीना द्वारा लाल डोरे / आबादीदेह में स्थित संपत्तियों का संपत्ति प्रमाण पत्र जारी किया जाना है जिससे संबंधित प्रारंभिक सूचि का प्रकाशन पहले ही किया जा चुका है। जिसकी एक सूचि संबंधित नगर परिषद / पालिकाओं की गृहकर / संपत्तिकर शाखा में व एक सूचि संबंधित नगर परिषद / पालिकाओं के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गई है किन्तु अब निदेशालय की हिदायतों अनुसार लाल डोरे में स्थित संपत्तियों के संपत्ति प्रमाण पत्र जारी करने से पूर्व **अंतिम सूचि** प्रकाशित की जा रही है। जिसे कोई भी आमजन नगर परिषद / पालिकाओं कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस पर उपस्थित होकर सूचि का अवलोकन कर सकता है, साथ ही यह सूचि संबंधित परिषद / पालिकाओं की वेबसाइट https://ulbhayana.gov.in/Narnaul/569, https://ulbhayana.gov.in/Mohindergarh/841#myCarousel, https://ulbhayana.gov.in/AteliMandi/2865, http://ulbhayana.gov.in/Nangalchoudhary/844, https://ulbhayana.gov.in/Kanina/842, पर भी उपलब्ध है। जिस किसी आमजन को प्रकाशित सूचि पर किसी प्रकार का एतराज या आपत्ति है तो वह अपने दस्तावेजों सहित प्रकाशन तिथि के 30 दिन के अन्दर–अन्दर अपना एतराज / आपत्ति लिखित में दस्तावेजों सहित संबंधित परिषद / पालिकाओं की गृहकर / संपत्तिकर शाखा में सुनवाई हेतु जमा करवा सकता है। नोटिस की समयावधि समाप्त होने उपरान्त किसी भी एतराज / आपत्ति पर कोई कार्यवाही अमल में नही लाई जाएगी। इसके अतिरिक्त यदि किसी संपत्ति पर कोई दावा / आपत्ति ना आने की एवज में जारी की गई संपत्ति प्रमाण प्रत्र के संदर्भ में संबंधित परिषद / पालिकाओं की कोई जिम्मेदारी ना होगी।

संपत्ति के स्वामित्व को सिद्ध करने हेतु शहरी स्थानीय निकाय विभाग, पंचकुला द्वारा जारी पत्र कमांक DULB/DMC-HQ-2024/142 दिनांक 12.03.2024 में दिए गए निर्देशानुसार आपको निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे :–

- राजस्व प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित दावेदार का शपथ पत्र, जिसमें आबादीदेह / लाल डोरा में स्वामित्व / कब्जा का स्पष्ट उल्लेख हो :–

1. पिछले 10 वर्षों का बिजली बिल।
2. पिछले 10 वर्षों का पानी बिल।
3. कोई भी सरकार द्वारा जारी किया गया दस्तावेज जैसे ईपीआईसी, ड्राईविंग लाईसैंस, पासपोर्ट, जीएसटी पंजीकरण प्रमाण पत्र आदि जिसमें पता शामिल हो।

- अधिकार के पिछले 10 वर्षों का पता लगाने के आवश्यक दस्तावेज

1. पिछले 10 वर्षों के अधिकार का पता लगाने के आवश्यक दस्तावेज।
2. पिछले 10 वर्षों के अधिकार का पता लगाने के लिए निर्मित संरचना का प्रमाण पत्र।

- दावाकर्ता द्वारा प्रदान किए जाने वाले दस्तावेजों की वांछनीय सूचि निम्नलिखित है:–

1. बिक्री विलेख / हस्तांतरण विलेख
2. हस्तांतरण विलेख / त्याग विलेख / मुक्ति विलेख / जमाबंदी फरद।
3. राजस्व अधिकारी के साथ पंजीकृत अदालत का आदेश। 4. रजिस्टी / बिक्री विलेख।

नोट – मूल मालिक की मृत्यु में उपयुक्त उल्लेखित दस्तावेजों के साथ–साथ सक्षम राजस्व प्राधिकारण / सिविल आदालत से जारी कानूनी / सिविल अदालत से जारी कानूनी उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र जरूरी है।

**हस्ता. जिला नगर आयुक्त, महेंद्रगढ स्थित नारनौल।**



## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | कार्य कार्यक्रम 2025-26 (स्मार्ट रोड) (ग्रुप नं. 12) (नलवा निर्वाचन क्षेत्र) हिसार जिले में आरडी 0.000 से 7.680 तक रावलवास खुर्द से सिसवाला किरतान रोड तक रोड का मजबूतीकरण (रोड आईडी 4923)। | बंद होने की तिथि 17.07.2025 | 367.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | कार्य कार्यक्रम 2025-26 (नलवा निर्वाचन क्षेत्र) (ग्रुप नं. 1) हिसार जिले में 2 अदद रोड का मजबूतीकरण (I) तलवंडी रुक्का से बादी ब्राहाणा वाया हरिता रोड आरडी 0.000 से 7.200 (रोड आईडी 4761) (II) गुंजर ऐप. रोड और स्कूल रोड आरडी 0.00 से 0.270 (रोड आईडी 4788)। | बंद होने की तिथि 17.07.2025 | 357.73 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | कार्य कार्यक्रम 2025-26 (नलवा निर्वाचन क्षेत्र) (ग्रुप नं. 5) हिसार जिले में 2 अदद रोड को चौड़ा करना व मजबूतीकरण (I) रावत खेड़ा, बरवा से रूपाना रोड आरडी 0.00 से 3.900 (रोड आईडी 12100) (II) कालूवास से चुधारीवास रोड आरडी 0.00 से 4.050 (रोड आईडी 4971)। | बंद होने की तिथि 17.07.2025 | 409.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प हिसार | कार्य कार्यक्रम 2025-26 (नलवा निर्वाचन क्षेत्र) (ग्रुप नं. 4) हिसार जिले में 2 अदद रोड को चौड़ा करना व मजबूतीकरण (I) हिसार मंगाली शरवा से बादो जाट्टान वाया भेरी रोड आरडी 0.000 से 2.050 (रोड आईडी 4762) (II) रावतखेड़ा से बरवा रोड आरडी 0.000 से 3.000 और 5.300 से 7.300 (रोड आईडी 4758)। | बंद होने की तिथि 17.07.2025 | 378.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प अम्बाला | कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत अम्बाला सिटी निर्वाचन क्षेत्र के तहत अम्बाला जिले में प्रांतीय मंडल सं. 1, लोनिवि भ व प शाखा, अम्बाला कैंट के तहत 8 अदद रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (रोड आईडी 93, 95, 119, 124, 128, 135, 148 और 9230) (पार्ट-2) (ग्रुप नं. 3) + 1 कार्य। | 04.07.2025 14.07.2025 | 950.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में तेलीवाड़ा से घसवा वाया लाम्बा स्कूल पर बाढ़ के पानी की वजह से क्षतिग्रस्त रोड का पुनरोद्धार। (रोड आईडी 5485) | 08.07.2025 21.07.2025 | 170.56 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd- fatehabad@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में रतिया निर्वाचन क्षेत्र के तहत विभिन्न सड़कों की विशेष मरम्मत / सुधार (कार्य कार्यक्रम 2025-26) (ग्रुप-1) 1. थेरी से खेड़ा से पंजाब बॉर्डर तक किमी. 0.00 से 2.20 (रोड आईडी 5520) पर आईपीबी और चौड़ा करना एवं मजबूतीकरण, 2. भट्टू खुर्द से थेरी कि.मी. 0.00 से 2.58 (रोड आईडी 11179/867) पर आईपीबी और चौड़ा करना एवं मजबूतीकरण, 3. थेरी से नखाटिया कि.मी. 0.00 से 3.59 (रोड आईडी 9102) पर आईपीबी और चौड़ा करना एवं मजबूतीकरण + 4 कार्य। | 08.07.2025 21.07.2026 | 1978.11 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd- fatehabad@hry.nic.in |
| 8 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में रतिया निर्वाचन क्षेत्र के तहत विभिन्न सड़कों की विशेष मरम्मत / सुधार (कार्य कार्यक्रम 2025-26) (ग्रुप-7) 1. भोडिया खेड़ा से दौलतपुरा कि.मी. 0.00 से 1.40 और 2.80 से 6.95 पर आईपीबी और पीसी जमा मजबूतीकरण (रोड आईडी 11758/878), 2. डीएचएस रोड से कारनोली कि.मी. 0.00 से 1.95 पर आईपीबी और ऊपर उठाना (रोड आईडी 5621) + 3 कार्य। | 08.07.2025 23.07.2025 | 1639.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd- fatehabad@hry.nic.in |
| 9 | लोनिवि भ व प सिरसा | हैड-5054 के तहत सिरसा जिले में कालांवाली निर्वाचन क्षेत्र में (कार्य कार्यक्रम 2025-26) (ग्रुप-II) (जीएसटी के बिना) 5 अदद रोड को चौड़ा करने, मजबूतीकरण /पीसी/आईपीबी/सीसीबी के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत हेतु डीएनआईटी अर्थात 1. रसूलपुर से रसूलपुर थेरी कि.मी. 0.00 से 1.40 तक रोड की विशेष मरम्मत (रोड आईडी 5982), 2. सिरसा बरनाला रोड से ढाणी वरेचा कि.मी. 0.00 से 2.80 तक रोड पर चौड़ा करने का प्रावधान (रोड आईडी 5987), 3. डीएचएस (एनएच-10) रोड से बग्गुवाली तक कि.मी. 0.00 से 3.55 के लिए विशेष मरम्मत (रोड आईडी 5837), 4. बग्गूवाली से संघा तक पंजाब बॉर्डर तक कि.मी. 0.00 से 1.58 तक रोड पर पीसी/मजबूतीकरण का प्रावधान (रोड आईडी 5838), 5. रसूलपुर से ढाणी रूपाराम बुट्टाराम तक कि.मी. 0.0 से 1.32 तक रोड पर 20 मिमी पीसी और मजबूतीकरण का प्रावधान (रोड आईडी 5991) + 1 कार्य। | 09.07.2025 19.07.2025 | 759.05 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01666-222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 10 | लोनिवि भ व प हिसार | चरखी दादरी जिले में बाल भवन की बिल्डिंग का निर्माण। (सोलर वाटर हीटिंग प्लांट का प्रावधान) + 2 कार्य। | 08.07.2025 16.07.2025 | 53.46 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 11 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | प्रांतीय मंडल, लोनिवि भ व प शाखा यमुनानगर निर्वाचन क्षेत्र रादौर के तहत विभिन्न सड़कों पर चौड़ा करने और मजबूतीकरण द्वारा सड़कों की मरम्मत (आईडी 589, 507, 558, 509, 635, 591, 587, 438, 642 2995 (ग्रुप-2) (2025-26)। | 08.07.2025 17.07.2025 | 491.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01732-237834 pwd-eepd- yamunanagar@hry.nic.in |
| 12 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में गांव सेलोठी में राजकीय पशु चिकित्सा डिस्पेंसरी का निर्माण (सी.एम. घोषणा कोड सं. 22386 दिनांक 10.06.2018) (जीएसटी के बिना)। | बंद होने की तिथि 14.07.2025 | 25.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 13 | लोनिवि भ व प सोनीपत | कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत सोनीपत जिले में गन्नौर निर्वाचन क्षेत्र में रोड आईडी 11614, 9934 और 12276 वाले 3 अदद रोड को चौड़ा करने और मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत + 1 कार्य। | 07.07.2025 17.07.2025 | 909.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 14 | पंचायती राज गन्नौर | गांव डाबरपुर में बीसी चौपाल का निर्माण, डी-प्लान 2025-26. | बंद होने की तिथि 16.07.2025 | 8.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015771521 sdoprganaur1@gmail.com |
| 15 | पंचायती राज हिसार | बालक, बरवाला, बाल्मिकी चौपाल का निर्माण (डी प्लान) + 8 कार्य। | 04.07.2025 21.07.2025 | 75.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 16 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव फतेहपुर बिल्लोच ब्लॉक बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में आयुष डिस्पेंसरी का निर्माण, जीएडी + 3 कार्य। | 08.07.2025 15.07.2025 | 158.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 17 | महिला बाल विकास, जीन्द | एसएनपी और अन्य मदों का परिवहन कार्य। | 09.07.2025 16.07.2025 | 25,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9896093597 dpojind.wcd@gmail.com |
| 18 | स्वास्थ्य विभाग, नारनौल | महेन्द्रगढ़ जिले के लिए औषधियों, मेडिकल कंज्यूमेबल्स, लैब रीजेंट्स की अधिप्राप्ति हेतु निविदा। | 09.07.2025 04.08.2025 | 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467535835 dhs.csmhn@hry.nic.in |
| 19 | स्वास्थ्य विभाग, पंचकूला | स्कूटर, मोटरसाईकिल और कार की पार्किंग। | 10.07.2025 21.07.2025 | ईएमडी 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2562199 gh6pkl@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/380/36478/I/88/6 दि. 10.07.25

**खबर संक्षेप**

## नूंह में मदरसा संचालक से मारपीट का विरोध

**नूंह।** नूंह थाना क्षेत्र अंतर्गत पल्ला गांव के इस्लामी मदरसे में संचालक व उसके परिवार के लोगों के साथ की गई मारपीट का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। गुरुवार को जमीयत उलेमा ए हिंद के पदाधिकारी के साथ जिले के सामाजिक संगठनों से जुड़े हुए लोगों के अलावा वकीलों के दल ने पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार से लघु सचिवालय नूंह पहुंचकर मुलाकात की। मीडिया से बातचीत के दौरान सभी ने एक सुर में कहा कि पल्ला इस्लामी मदरसा मामले में गत 6 - 7 जुलाई को जो मारपीट की घटना हुई थी।

## सड़कों पर गोवंश छोड़ने पर लगेगा जुर्माना

**फरीदाबाद।** सड़कों पर जानबूझकर गोवंश को छोड़ने वालों के खिलाफ नगर निगम द्वारा सख्ती के साथ अभियान चलाया जाएगा। बता दे की गोवंश के सड़कों पर होने की वजह से होने वाले हादसों को कम करने के मद्देनजर नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने निर्देश दिए हैं कि वह सडक़ों पर घूमने वाले गोवंश को गौशाला में पहुंचाएं और यदि कोई व्यक्ति पकड़े गए गोवंश को अपना बताता है तो उसे ऊपर ज्यादा से ज्यादा जुर्माना लगाया जाए । नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी नीतिश परवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि गोवंश को सडक़ पर छोडऩे वाले व्यक्ति की पहचान होने पर पहली बार में 5000 दूसरी बार में 10000 और तीसरी बार में 21000 का जुर्माना लगाया जाता है।

## 3 लाख की रंगदारी मांगने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सैंट्रल की टीम ने कार्रवाई करते हुए 3 लाख की रंगदारी मांगने के मामले में गजेंद्र निवासी फ्रेंड्स कॉलोनी सेक्टर 20 फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मुकेश निवासी सल्लागढ पलवल ने पुलिस चौकी बस स्टैण्ड बल्लबगढ़ में दी अपनी शिकायत में बताया कि वह 19 साल से सोहना पुल के पास डा. लाल के नाम से क्लीनिक चला रहा है, 29 जून को उसके व्हाट्सप पर मैसेज आया जिसमे उससे 3 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई।

## नशा तस्करी के आरोप में दो गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर 65 की टीम ने नशा तस्करी व नशा बेचने वाले आरोपी विशाल व अमन को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी विशाल डबुआ फरीदाबाद का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा सेक्टर 65 की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना पर मुल्ला होटल रोड एसजीएम नगर से 305 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज किया है।

# धारूहेड़ा में रैंप क्रॉस कर गया राजस्थान का दूषित पानी, चेयरमैन ने मिट्टी डलवाई तो लोगों से झड़प

■ दुकानदारों ने किया विरोध, महिला ट्रैक्टर के आगे लेटी ■ हाथापाई की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी/धारूहेड़ा

धारूहेड़ा के सोहना रोड पर राजस्थान का पानी रोकने के लिए बनाय गया रैंप जंग का मैदान साबित होने लगा है। राजस्थान की ओर से बारिश के बाद छोड़े गए पानी ने रैंप पार कर दिया, तो चेयरमैन कंवरसिंह यादव ने मिट्टी डलवाकर पानी रोकने का प्रयास किया। इसी दौरान कुछ लोगों ने चेयरमैन के साथ झड़प की। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। एक व्यक्ति को पुलिस ने हिरासत में भी लिया, परंतु गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं की गई थी। वर्ष 2023 में राजस्थान की ओर से आने वाले दूषित पानी को रोकने के लिए इस रैंप का निर्माण कराया गया था।

■ 2023 में राजस्थान से आने वाले दूषित पानी को रोकने के लिए रैंप का निर्माण किया था

### तीन दिन पहले लोगों ने रैंप तोड़ा

तीन दिन पहले रात के समय कुछ लोगों ने रैंप तोड़ दिया था। चेयरमैन कंवर सिंह यादव ने एसडीएम और डीएसपी की मौजूदगी में रैंप का मलबा फिर से उसी जगह पर डलवा दिया था। वीरवार को बारिश के बाद राजस्थान की ओर से भारी मात्रा में पानी आ गया। पानी का बहाव इतना तेज था कि यह रैंप को पार करके धारूहेड़ा शहर में प्रवेश करने लगा। सूचना मिलने के बाद चेयरमैन मौके पर पहुंच गए। एसडीएम को सूचना देकर मौके पर बुलाया गया। इसके बाद ट्रैक्टर ट्राली से मिट्टी मंगवाकर रैंप पर डलवाना शुरू किया, ताकि पानी को शहर तक जाने से रोका जा सके।



रेवाड़ी। धारूहेड़ा-भिवाड़ी बार्डर पर जमा बरसात का पानी।



रेवाड़ी। धारूहेड़ा के रैंप पर बहस करते लोग।

### पुलिस ने विरोध करने वालों को खदेड़ा, एक को साथ ले गई



मिट्टी डलवाते समय एक महिला ने ट्रैक्टर के सामने लेटकर विरोध किया। इसके बाद कुछ दुकानदारों ने भी चेयरमैन के साथ झगड़ा शुरू कर दिया। चेयरमैन के साथ हाथापाई भी की गई, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद सेक्टर-6 थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। विरोध करने वाले लोगों को वहां से खदेड़ते हुए एक दुकानदार को पुलिस अपने साथ ले गई। चेयरमैन कंवर सिंह यादव का कहना है कि लंबे समय से राजस्थान के दूषित पानी का दंश कस्बे के लोग झेल चुके हैं। जब तक वह इस पद पर हैं, तब तक राजस्थान का पानी नहीं आने दिया जाएगा।

## बाइक रिपेयरिंग की दुकान में कम्प्रेशर फटा, युवक की मौत



जींद। कंप्रेशर फटने के बाद फैला मलबा।

**जींद।** गांव ढाकल में बाइक रिपेयरिंग दुकान में कम्प्रेशर फटने से युवक की मौत हो गई। दुकान को भी काफी नुकसान पहुंचा है। सदर थाना नरवाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। गांव ढकाल निवासी विक्की ने गांव में बाइक रिपेयरिंग की दुकान खोली हुई है। वीरवार को सुबह विक्की को बुखार होने के कारण उसका बेटा अभिषेक (22) ने दुकान को खोला था। साफ-सफाई के बाद अभिषेक ने दुकान में रखे कम्प्रेशर को चालू कर दिया।

**हवा ज्यादा भरने से टंकी फटी :** हवा ज्यादा होने के कारण कम्प्रेशर टंकी फट गई। जिसमें फटी टंकी के लोहे के टुकड़े अभिषेक की गर्दन तथा शरीर में जा धंसे। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दुकान की छत को भी काफी नुकसान पहुंचा। आसपास के लोगों द्वारा अभिषेक को नरवाना के नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर सदर थाना नरवाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है।

# खेड़ी चोपटा में रिटायर्ड नर्स घर में चला रही थी अवैध अस्पताल, गर्भपात किट बरामद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौंद

खेड़ी चोपटा में एक घर में चल रहे अवैध रूप से अस्पताल से एक रिटायर नर्स को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापा मारकर पकड़ने में हासिल की सफलता हासिल की है। मौके से गर्भपात करवाने वाली दवाइयां और किट भी बरामद की गई है। स्वास्थ्य विभाग की टीम को पिछले काफी समय से सूचना मिल रही थी की खेड़ी चोपटा पर एक रिटायर्ड नर्स अवैध तरीके से अस्पताल खोले हुए हैं और वह उसमें गर्भवती महिलाओं का गर्भपात करने का काम करती है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने तीन डॉक्टरों की टीम का गठन किया जिनमें नोडल ऑफिसर डॉक्टर अनामिका बिश्नोई, ड्रग कंट्रोलर डॉ अजय कुमार, डॉक्टर विक्रम गोरिया और ड्यूटी मजिस्ट्रेट शामिल कर खेड़ी चोपटा पर घर में ही बनाए गए अस्पताल में दबिश दी तो उन्हें मौके से 11 प्रकार की गर्भपात करने वाली दवाइयां एक एमटीपी किट और कुछ जली हुई दवाइयां सहित गर्भपात करवाने के लिए कुछ सर्जिकल औजार भी पाए गए। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने एक महिला को ग्राहक के तौर पर तैयार करके भेजा था उक्त महिला ने पहले भी यहीं से गर्भपात करवाया था।

■ गर्भपात में प्रयोग होने वाली 11 दवाइयां और आजौर भी बरामद

डॉक्टरों की टीम और पुलिस ने ग्राहक बनाई गई महिला को सीएससी मिर्चपुर में भेज दिया है और वहीं पर मामले की जांच की जा रही है। वहीं ड्रग कंट्रोलर डॉ अजय कुमार ने बताया कि सरकार अवैध तरीके से गर्भपात और एमटीपी किट रखने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में यहां पर दबिश देकर रिटायर महिला नर्स मनजीत को पकड़ा है। वह से अवैध तरीके से कार्य कर रही थी।



नारनौंद। जांच करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

### पहले भी पकड़ी जा चुकी नर्स

नोडल अधिकारी डॉ अनामिका बिश्नोई ने बताया कि रिटायर नर्स मनजीत बिना रजिस्ट्रेशन के काफी दवाइयां रख रही थी। जिनका वह प्रयोग नहीं कर सकती और गर्भपात करने का भी काम करती है। वह बिना रजिस्ट्रेशन के ही इस अस्पताल को चल रही है। मौके से दवाइयां और किट मिली है। अभी जांच की जा रही है। पहले भी मनजीत को इसी मामले में पकड़ा जा चुका है। वहीं खेड़ी चौपटा पुलिस प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ मौके पर मौजूद हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम की तरफ से शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

हादसे की सूचना पर एसडीएम व पुलिस मौके पर पहुंचे

# निजी स्कूल की बस असंतुलित होकर खेतों में उतरी, बाल-बाल बचे 50 से ज्यादा बच्चे

हरिभूमि न्यूज बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा के बलियाली मार्ग पर वीरवार सुबह एक निजी स्कूल बस चालक असन्तुलित होकर सड़क के किनारे खेत मे उतर गई। गनीमत रही सभी बच्चे बाल- बाल बच गए। बताया जाता है कि स्कूल बस में 50 से 60 की संख्या में छात्र सवार थे। हादसे सूचना मिलते ही परिजनों में भी हड़कंप मच गया और परिजनों कभी स्कूल प्रबंधन तो कभी अपने निजी संबंधियों को फोन करके सूचना ली जाने लगी तो अनेक परिजन मौके पर भी पहुंच गए। ववहीं कार्यकारी खंड शिक्षा अधिकारी आनंद शर्मा ने बताया कि छात्रों की सुरक्षा सर्वोपरि है इसके लिए किसी से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। वहीं सूचना पाकर आरटीओ विभाग एसडीएम भिवानी भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। वहीं स्कूल मुखिया रमेश कुमार व भूषण टूटेजा ने बताया कि चालक की समझदारी से बडा हादसा टल गया। बताया जाता है कि वीरवार सुबह करीबन 8 बजे बलियाली गांव से बवानीखेड़ा के एक प्राइवेट स्कूल की बस छात्रों को लेकर स्कूल में आ रही थी जिसमे करीबन 50 से 60 बच्चे थे।



बवानीखेड़ा। हादसे की जांच करते पुलिस कर्मचारी।

### ये बोले अधिकारी

बस की घटना की सूचना मिलते ही मौके पर उपमंडल अधिकारी महेश कुमार घटना स्थल पर पहुंचे तथा स्कूल प्रशासन से जानकारी ली कि बस में चालक के साथ.साथ हेल्पर था या नहीं चालक व हेल्पर का नाम पता देने की बात कही। वहीं उन्होंने स्कूल प्रशासन से कहा कि इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

## एसी बस खड़े ट्रक से टकराई, चालक की मौत, कई घायल

**करनाल।** जिले में नेशनल हाईवे-44 पर झिलमिल ढाबे के पास बृहस्पतिवार तड़के एक भीषण सड़क हादसा हो गया। गुरुग्राम से चंडीगढ़ जा रही एक एसी प्राइवेट बस खड़े ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस के अगले हिस्से का बड़ा भाग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में बस चालक दयासिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कंडक्टर की टांगें बुरी तरह कुचल गईं और कई यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक बिना किसी इंडिकेटर के सड़क के किनारे खड़ा था और बस ने जैसे ही उसे पार करना चाहा, वह सीधा ट्रक से जा टकराई।

## वाहनों की भिड़ंत में भाई की मौत, बहन घायल

**कैथल।** जिले के गांव सोलू माजरा में दो गाड़ियों के बीच हुई भिडंत में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि उसकी बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। ढांड पुलिस को दी शिकायत में क्योड़क की अंजू ने बताया कि 9 जुलाई को जब वह कार में सवार होकर अपने भाई शिवम के साथ जा रही थी। जैसे ही वे गांव सोलू माजरा के अदानी गोदाम के निकट पहुंचे तो एक पिकअप गाड़ी चालक ने अपनी गाड़ी को तेज गति और लापरवाही से चलते हुए उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के कारण उसका भाई शिवम बुरी तरह से घायल हो गया। उसे अस्पताल में ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत करार दे दिया। हादसे के बाद आरोपी का पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। सब इंस्पेक्टर जोगेंद्र ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## डिवाइडर से टकराई कैब, एयरपोर्ट कर्मी युवती की मौत, चालक व अन्य घायल

**गुरुग्राम।** खांडसा रोड पर वीरवार की अल सुबह एक कैब डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में कैब में सवार इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सिक्योरिटी स्टाफ के रूप में कार्यरत युवती की मौत हो गई। जबकि कैब चालक व एक सिक्योरिटी गार्ड घायल हो गए। कैब एयरपोर्ट स्टाफ को ड्रॉप करने आई थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने युवती वंशिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

दो को खंभे व एक को दुकान के शटर से करंट लगा

# गुरुग्राम : करंट लगने से ग्राफिक डिजाइनर सहित तीन की मौत

**गुरुग्राम।** बुधवार को हुई बरसात से हुए जलभराव के दौरान करंट लगने से अलग-अलग एरिया में तीन युवकों की मौत हो गई। इनमें दो युवकों की मौत बिजली के पोल में करंट लगने से हुई है। वहीं एक युवक को दुकान के शटर से करंट लगा है। बृहस्पतिवार को शवों को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार दिल्ली के विश्वास नगर निवासी अक्षत जैन गुरुग्राम के वाटिका सिटी सेक्टर-49 में किराए रहते थे। वह निजी कंपनी में ग्राफिक डिजाइनर थे। बीते बुधवार की रात करीब नौ बजे वह सेक्टर-49 में जिम करने के बाद बाइक पर सवार होकर वापस कमरे की ओर जा रहा था। घसोला गांव के रोड पर बिजली के पोल में करंट होने से अक्षत जैन उसकी चपेट में आ गया। राहगीरों ने अक्षत को निजी अस्पताल में पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अक्षत के परिजनों ने सेक्टर-50 थाने में दी शिकायत में बिजली विभाग पर लापरवाही करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

■ परिजनों ने बिजली निगम पर लापरवाही का आरोप लगाया

■ पुलिस ने केस दर्ज कर मामलों की जांच की शुरू

### हादसों से लोगों में दहशत का माहौल

वहीं सेक्टर-17/18 थाना क्षेत्र में जेनपैक्ट चौक के पास यूपी के फर्रुखाबाद निवासी पवन कुमार गुरुग्राम के सुखराली में रह रहा था। वह जेनपैक्ट चौक पास से गुजर रहा था। इस दौरान उसका हाथ पोल व वहां खड़ी रेहड़ी में लग गया। अर्थिंग की वजह से उसे करंट लग गया। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पवन को निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। इसके अलावा न्यू कॉलोनी थाना एरिया में उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर निवासी प्रशांत (23 वर्ष) गुरुग्राम के अर्जुननगर में अपने ताऊ के लडक़े पास आया हुआ था। जब वह बाइक से उतरकर चलने लगा तो पड़ोस की दुकान के शटर से उसका पैर छू गया। शटर में करंट उतरा हुआ था। इससे उसकी मौत हो गई। वहीं करंट लगाने से युवकों की मौत से शहर में दहशत का माहौल है। लोगों ने लापरवाह अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।



## व्यापार समझौते के मुख्य वार्ताकार ने दी जानकारी

# अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने का प्रयास कर रहा है भारत: अग्रवाल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत, अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को बातचीत के जरिये अंतिम रूप देने का प्रयास कर रहा है। वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल ने बृहस्पतिवार को यह बात कही। अग्रवाल प्रस्तावित भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते के मुख्य वार्ताकार भी हैं।

इस समझौते के पहले चरण को इस साल शरद ऋतु (सितंबर-अक्टूबर) तक पूरा करने का लक्ष्य है। इससे पहले, दोनों देश एक अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। अग्रवाल ने कहा कि भारत ने अबतक 26 देशों के साथ 14 से अधिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) लागू किए हैं।

### हम प्रमुख बाजारों के साथ जुड़ रहे

अग्रवाल ने यहां 'एक्सपोर्ट लॉजिस्टिक' पर आयोजित कार्यक्रम में कहा, " अब हम प्रमुख बाजारों के साथ जुड़ रहे हैं...हमने हाल ही में ब्रिटेन के साथ एक समझौता किया है। हम यूरोपीय संघ के साथ बातचीत के अग्रिम चरण में हैं। हम अमेरिका के साथ भी समझौते पर बातचीत कर उसे अंतिम रूप देने का प्रयास कर रहे हैं।"


**समझौते के पहले चरण को शरद ऋतु तक पूरा करने का लक्ष्य**

**दोनों देश समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे**

**भारत ने अब तक 26 देशों के साथ 14 से अधिक एफटीए लागू किए**

### चिली, पेरू व लातिनी अमेरिकी देशों से बातचीत जारी

मुख्य वार्ताकार ने कहा कि भारत, चिली और पेरू सहित लातिनी अमेरिकी देशों के साथ भी व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है। अग्रवाल ने कहा, " हमने ऑस्ट्रेलिया और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ व्यापार समझौता किया है। हम न्यूजीलैंड के साथ बातचीत कर रहे हैं... हम प्रमुख व्यापारिक साझेदारों तथा प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के साथ व्यापक स्तर पर जुड़े रहे हैं... इससे भारत के लिए भी वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं का हिस्सा बनने के बड़े अवसर उत्पन्न होंगे।"



*लॉजिस्टिक लागत कम करने पर काम : अग्रवाल ने कहा, " हमारे शुल्क में द्विपक्षीय रूप से कटौती की जाएगी... लोग शुल्क और नियामक परिदृश्य का अनुमान लगाने की क्षमता के आधार पर दीर्घकालिक निवेश निर्णय लेने में सक्षम होंगे... इसमें लॉजिस्टिक भी एक प्रमुख निर्धारक होगा।"*

### 70 फीसदी व्यापार जीवीसी द्वारा संचालित

इसके अलावा, उन्होंने कहा कि मुक्त व्यापार समझौतों, विनियमनों के सामंजस्य और कुशल लॉजिस्टिक परिवेश से शुल्क में कमी ने पिछले दो से तीन दशक में वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं (जीवीसी) को मजबूत करने में मदद की है। वर्तमान में, 70 प्रतिशत वैश्विक व्यापार जीवीसी द्वारा संचालित होता है।

### लॉजिस्टिक परिवेश तंत्र का महत्व बढ़ रहा

अग्रवाल ने कहा, " हमने वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के साथ एकीकरण तो कर लिया है, लेकिन इसमें हमारी भागीदारी अब भी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में बहुत कम है। उन्होंने कहा कि भारत की वृद्धि यात्रा के साथ वस्तुओं की प्रकृति बदलने से मजबूत लॉजिस्टिक परिवेश तंत्र का महत्व बढ़ता जा रहा है।

### भारत का निर्यात व आयात 1,150 अरब डॉलर पार कर गया

मुख्य वार्ताकार ने कहा कि भारत का निर्यात एवं आयात 1,150 अरब अमेरिकी डॉलर को पार कर गया है, इसलिए "लॉजिस्टिक महत्वपूर्ण है।"मुख्य वार्ताकार ने कहा कि आने वाले वर्षों में विश्व व्यापार में भारत की हिस्सेदारी को 10 प्रतिशत तक बढ़ाने में लॉजिस्टिक की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। वर्तमान में इसकी हिस्सेदारी करीब दो प्रतिशत है।

## सोना 250 रुपए बढ़ा चांदी के भाव स्थिर

नई दिल्ली। निवेशकों और स्टॉकिस्ट की ताजा लिवाली के कारण बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 250 रुपये बढ़कर 98,670 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बुधवार को 98,420 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200 रुपये बढ़कर 98,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 98,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इस बीच, चांदी की कीमतें बृहस्पतिवार को 1,04,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रहीं।
एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, "सुरक्षित निवेश वाली संपत्तियों की नई मांग के चलते बृहस्पतिवार को सोने में तेजी दर्ज की गई।"

**REMINDER**
**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF Ms. Aashima Garg,
Civil Judge Junior Division, Bahadurgarh
BASIR AHMAD
Vs.
GENERAL PUBLIC
CS/288/2024
CNR No. HRJRA0-000614-2024
Next Date:- 14-08-2025
PUBLICATION ISSUED TO:
GENERAL PUBLIC :- India
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 14-08-2025 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district-notice & district=Jhajjar "
Sd/- Civil Judge
Junior Division, Bahadurgarh
Dated, this day of 09.07.2025

## रुपया चार पैसे की बढ़त के साथ 85.69 प्रति डॉलर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया बृहस्पतिवार को चार पैसे की बढ़त के साथ 85.69 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि भारत और अमेरिका के बीच शीघ्र ही किसी समझौते पर पहुंचने की उम्मीद के बीच रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बढ़त के साथ बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया85.62 पर मजबूती के साथ खुला। दिन में 85.69 से 85.53 प्रति डॉलर के दायरे में कारोबार करने के बाद अंत में यह 85.69 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से चार पैसे की बढ़त है।

**नीलामी सूचना**

जिला खेल परिषद जीन्द, अर्जुन स्टेडियम में रखे पुराने टीनों व खिड़कियों को खुली बोली द्वारा नीलाम करना चाहती है। इच्छुक बोलीदाता दिनांक 14.07.2025 को प्रातः 10:00 बजे अर्जुन स्टेडियम जीन्द में पहुंचकर बोली दे सकता है। बोलीदाता को बोली देने से पहले 2000/- सिक्योरिटी जमा करवानी होगी। नियम व शर्तें मौका पर बता दी जायेंगी।

हस्ता/- सचिव
जिला खेल परिषद, जीन्द

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

मुख्य परियोजना प्रबन्धक/निर्माण, उत्तर रेलवे, चंडीगढ़ द्वारा भारत के राष्ट्रपति के वास्ते एवं ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के अंतर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा का प्रकार | ई निविदा (दो पैकेट प्रणाली) |
| 2. | निविदा संख्या | 2–डब्लयु सी/291/सीडीजी–I दिनांक 10.07.2025 |
| 3. | कार्य का नाम | नंगल डैम – तलवाड़ा नई बड़ी रेल लाइन लिंक के करटोली पंजाब से तलवाड़ा ब्लॉक खंड में नई लाइन के निर्माण के लिए पंजाब क्षेत्र के भीतर किमी 77.175 से किमी 82.869 (5.694 किमी) के बीच मिट्टी के काम कटिंग/फीलिंग, ब्लैंकेटिंग, वायाडक्ट, वृह्द पुल, आरओबी लघु पुल, आरयुबी, सुरक्षा कार्य और अन्य संबद्ध कार्य। |
| 4. | कार्य पूरा करने का समय | 24 (चौबीस) महीने |
| 5. | कार्य की अनुमानित लागत | 374,92,72,825/- रुपये (तीन सौ चौहत्तर करोड़, बानवे लाख, बहत्तर हजार, आठ सौ पच्चीस रुपये मात्र) |
| 6. | धरोहर राशि | 1,00,00,000/- रुपये (एक करोड़ मात्र) |
| 7. | ई–निविदा जमा करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | निविदाएं दिनांक 08.08.2025 को 11:30 बजे तक IREPS वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती हैं। निविदाकर्ता ई–निविदा में भाग ले सकते हैं जो 08.08.2025 को 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| 8. | प्री–बिड कॉन्फ्रेंस | दिनांक 18.07.2025, समय 12:00 बजे, स्थान उप मुख्य अभियंता/निर्माण–प्रथम, उत्तर रेलवे चंडीगढ़ का कार्यालय और वीडियो सम्मेलन के द्वारा प्री बिड कॉन्फ्रेंस से 2 दिन पहले शुद्धिपत्र के द्वारा IREPS पर ऑनलाइन लिंक अपलोड किया जाएगा। |
| 9. | ई–मेल पते dycec1cdg@gmail.com पर प्रश्नों की प्राप्ति की अंतिम तिथि | 21.07.2024 (16:00 बजे तक) |
| 10. | विस्तृत निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज | विस्तृत ई–निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज IREPS की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर gov.in 11.07.2025 से 08.08.2025 तक उपलब्ध होगा। उपरोक्त निविदा के संबंध में अन्य सभी नियम और शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। |

निविदा सूचना: 2-डब्लयु सी/291/सीडीजी–I दिनांक : 10.07.2025 2094/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## आनंद राठी वेल्थ का मुनाफा जून तिमाही में 28% बढ़ा

**नई दिल्ली।** मुंबई स्थित वित्तीय सेवा समूह आनंद राठी की इकाई आनंद राठी वेल्थ का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 28 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 94 करोड़ रुपये रहा है। पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की इसी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 73.4 करोड़ रुपये रहा था। आनंद राठी वेल्थ ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आमदनी 16 प्रतिशत प्रतिशत बढ़कर 284.3 करोड़ रुपये रही है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 245.4 करोड़ रुपये थी। आनंद राठी वेल्थ की प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) समीक्षाधीन तिमाही में 27 प्रतिशत बढ़कर 87,797 करोड़ रुपये हो गईं।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार–पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# आईटी शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 345 अंक टूटा



- निफ्टी 121 अंक के नुकसान में
- आईटी व दूरसंचार के शेयरों में बिकवाली का दबाव

एजेंसी ⏭ मुंबई

सूचना प्रौद्योगिकी और दूरसंचार कंपनियों के शेयरों में बिकवाली दबाव से स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 345 अंक के नुकसान में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 121 अंक टूट गया। निवेशकों ने कंपनियों के तिमाही नतीजों से पहले सतर्क रुख अपनाया। इसके अलावा, शुल्क संबंधी अनिश्चितताओं के कारण भी बाजार में निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 345.80 अंक की गिरावट के साथ 83,190.28 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 120.85 अंक की गिरावट के साथ 25,355.25 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "टीसीएस के पहली तिमाही के नतीजों से पहले आईटी शेयरों में कमजोर रुख के कारण भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। आईटी और वित्त क्षेत्र का प्रदर्शन कमजोर रहने की आशंका के कारण पहली तिमाही के नतीजों से पहले निवेशकों का रुख सतर्क बना हुआ है...।"लेमन मार्केट्स डेस्क के विश्लेषक गौरव गर्ग ने कहा, "निवेशक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शुल्क घोषणा और वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में कंपनियों के वित्तीय नतीजों से पहले सतर्क रुख अपना रहे हैं।

# एलआईसी की व्यक्तिगत प्रीमियम आय बढ़ी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की व्यक्तिगत प्रीमियम खंड से आय जून में 14.60 प्रतिशत बढ़ी है।

जीवन बीमा परिषद के बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों से पता चलता है कि निजी क्षेत्र की सभी जीवन बीमा कंपनियों की कुल प्रीमियम आय में इस दौरान 12.12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एलआईसी ने जून, 2025 में व्यक्तिगत प्रीमियम के रूप में 5,313 करोड़ रुपये एकत्र किए, जबकि निजी क्षेत्र की 25 कंपनियों ने कुल मिलाकर 8,408 करोड़ रुपये जुटाए।




एलआईसी द्वारा इस दौरान जारी की गई कुल पॉलिसी की संख्या 12.49 लाख रही, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 14.65 लाख थी। व्यक्तिगत पॉलिसियों की श्रेणी में, एलआईसी ने जून, 2025 के लिए 12.48 लाख पॉलिसियां जारी कीं, जबकि 2024 में इसी माह में यह संख्या 14.62 लाख थी।

### निजी क्षेत्र की प्रीमियम आय घटी

निजी क्षेत्र की कंपनियों की समूह प्रीमियम आय 19 प्रतिशत घटकर 5,315 करोड़ रुपये रह गई। जून में एलआईसी की कुल प्रीमियम आय 3.43 प्रतिशत घटकर 27,395 करोड़ रुपये रह गई। निजी क्षेत्र की कंपनियों की कुल प्रीमियम आय 2.45 प्रतिशत घटकर 13,722 करोड़ रुपये रही।

# अक्टूबर तक पूरी हो सकती है आईडीबीआई बैंक की बिक्री

**नई दिल्ली।** आईडीबीआई बैंक की रणनीतिक बिक्री अक्टूबर तक पूरी होने की संभावना है। एक अधिकारी ने बताया कि सरकार ने शेयर खरीद समझौते पर चर्चा की है, जो वित्तीय बोली लगाने वाले बोलीदाताओं को दिया जाएगा। आईडीबीआई बैंक के निजीकरण की प्रक्रिया पिछले तीन साल से चल रही है।सरकार ने अक्टूबर, 2022 में सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी एलाईसी के साथ मिलकर आईडीबीआई बैंक के निजीकरण के लिए




निवेशकों से कुल 60.72 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने को रुचि पत्र (ईओआई) मांगे थे। इसमें भारत सरकार की 30.48 प्रतिशत और एलआईसी की 30.24 प्रतिशत हिस्सेदारी शामिल है। अधिकारी ने बताया कि डेटा रूम के लिए उचित प्रक्रिया अभी चल रही है ।

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी जीन्द | वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु एनजीएम जुलाना में एमसी प्रोपर्टी की वार्षिक मरम्मत (केवल 3 अदद कवर्ड शैड, कॉमन प्लेटफॉर्म) और पीसी शामलो कलां और फतेहगढ़ (एम.सी. जुलाना) + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 14.07.2025 | रु. 34,79,632/- | https://etenders.hry.nic.in | 1681252003 eejind37.hsamb@gmail.com |
| 2 | एचएसएएमबी जीन्द | गांव करमगढ़ से लोआन तक रोड का निर्माण, रोड आईडी-10111 (माननीय सी.एम. हरियाणा द्वारा की गई बजट घोषणा के तहत)। | बंद होने की तिथि 22.07.2025 | रु. 1,28,83,146/- | https://etenders.hry.nic.in | 1681252003 eejind37.hsamb@gmail.com |


अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/36451/I/88/6 दि. 10.07.25

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका महम | नगरीय ठोस कचरे का घर–घर से संग्रहण, एम.सी. महम से प्रसंस्करण स्थल / डम्पसाइट तक परिवहन। | 05.07.2025 14.07.2025 | डीएनआईटी के अनुरूप | https://etenders.hry.nic.in | 9416022295 secy-mcmeham@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/36470/I/88/6 दि. 10.07.25


## राशिफल


**मेष** वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।


**वृष** आशा–निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**मिथुन** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।


**कर्क** मन में उतार–चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।


**सिंह** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**कन्या** पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में मान–सम्मान की प्राप्ति होगी।


**तुला** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।


**वृश्चिक** मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।


**धनु** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।


**मकर** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।


**कुंभ** स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।


**मीन** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा।

## कैनरा बैंक ने बॉम्बे हाई कोर्ट में किया बड़ा खुलासा

# अनिल अंबानी के लोन खाते से हटा फ्रॉड का टैग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कैनरा बैंक ने गुरुवार को बॉम्बे हाई कोर्ट में बड़ा खुलासा करते हुए कहा कि उसने उद्योगपति अनिल अंबानी के लोन खाते को फ्रॉड घोषित करने का फैसला वापस ले लिया है।

यह खबर अनिल अंबानी और कैनरा बैंक के बीच चल रही कानूनी जंग में एक अहम मोड़ लेकर आई है। अनिल अंबानी की टेलीकॉम कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस और उसकी एक यूनिट के लोन खातों को बैंक ने पहले फ्रॉड करार दिया था, लेकिन अब इस फैसले को पलट दिया गया है। कैनरा बैंक ने रिलायंस कम्युनिकेशंस और उसकी सहायक कंपनी के लोन खातों को 2017 में फ्रॉड घोषित किया था। बैंक का आरोप था कि कंपनी ने 1,050 करोड़ रुपए के लोन का गलत इस्तेमाल किया। यह लोन कंपनी को पूंजीगत खर्च और पुराने कर्ज को चुकाने के लिए दिया गया था। लोन लेने के बाद कंपनी ने नियम-शर्तों का उल्लंघन किया और 9 मार्च, 2017 को यह खाता नॉन-परफॉर्मिंग एसेट (एनपीए) बन गया।

### कैनरा बैंक ने आरकॉम को लिखा था पत्र

*कैनरा बैंक ने 5 नवंबर, 2024 को रिलायंस कम्युनिकेशंस को पत्र लिखकर कहा था, लोन और क्रेडिट सुविधा लेने के बाद आपकी कंपनी ने डिफॉल्ट किया और संविदा की शर्तों का उल्लंघन किया।*

*इस पत्र के बाद मामला और गंभीर हो गया था, क्योंकि फ्रॉड का टैग किसी भी कारोबारी के लिए बड़ा झटका हो सकता है।*

### अनिल अंबानी के लिए राहत

इस घटनाक्रम से अनिल अंबानी को कानूनी और कारोबारी मोर्चे पर थोड़ी राहत जरूर मिली है, लेकिन कई सवाल अभी भी अनुत्तरित हैं। आखिर कैनरा बैंक ने इतना बड़ा फैसला क्यों लिया? क्या दोनों पक्षों के बीच कोई सुलह हुई है? या फिर कोर्ट के दबाव में बैंक को यह कदम उठाना पड़ा? इन सवालों के जवाब आने वाले दिनों में सामने आ सकते हैं।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा**

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारो से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी


| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एडीईएन/एसआरई के अधीन एसआरई–यूएमबी सेक्शन पर किमी 221/7–10 पर ब्र. संख्या 260 यूपी (3x12.04एम) और डीएन (3x12.04एम) के पीएससी स्लैब के साथ स्टील गर्डर का प्रतिस्थापन। | Rs. 1,89,56,808 | Rs. 2,44,800 | 12 महीने | 31.07.2025 |
| 2 | एसआईआर–डीएलपीसी सेक्शन पर किमी 1.05 पर ब्र. संख्या 1 स्पान 1x5.91+5x12.19+1x5.91 मीटर के लिए पीएससी स्लैब के साथ स्टील गर्डर का प्रतिस्थापन। | Rs. 1,65,58,663 | Rs. 2,32,800 | 08 महीने | 31.07.2025 |

1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है।
2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होगें।
3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें।
4. ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा
5. जी.एस.टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी–17–अम्बाला/2025–26 दिनांक : 09.07.2025 2090/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## शब्द पहेली - 5924




**बाएँ से दाएँ**
1.जो आदरणीय न हो–6
5.अनुक्षेपक,अंश –4
8.साथ–2
9.छोटी तलवार–3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार –2
11.दुश्मनी–4
12.इस जगह–2
14.अनवरत–4
16.लाचार,बेबस–3
18.धुलाई करना–4
20.न्यूनता,निम्नता–5
23.समुद्री यात्री–5
26.पूंजी,संपत्ति–4
27.असंयमी,स्वच्छंद–3
29.वन में रहनेवाला–4
30.उम्मीद,आशा–2
32.सौंठ,एक कंद–4
33.जोर,बल–2
35.बसंतकाल–3
36.जोश,उग्रता–2
37.पाताल–4
38.सभ्य,होनहार–3,3

**ऊपर से नीचे**
1.जो संवैधानिक न हो–6
2.सांप,सर्प–2
3.दानेदार–4
4.जिगर,कलेजा–3
5.प्रेम,प्यार–3
6.पंख,पराया–2
7.मरियल, निर्बल–4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू–4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना–2
15.सुस्त,उनींदा–4
17.पदक–3
18.विश्वासघात–4
19.बहुमूल्य पत्थर–2
21.रानी,शहजादी–3
22.फलों का जूस–2
24.कुतरने वाला–4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी–2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित–4
28.पिता की बहन–2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत–4
31.बलवान–3
32.प्रार्थना–3
34.तिल,मस्सा–2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड–2

### शब्द पहेली- 5923 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | द | त | न | | ल | | वा | य | लि | न |
| | ल | | रा | | प | व | न | | ख | फा |
| ए | | | ध | व | ल | | र | | | स |
| ह | र | द | म | | पा | ल | | फ | क | त |
| सा | | म | | दा | ना | | सा | | मा | |
| न | वी | न | त | म | | अ | ज | वा | ई | न |
| | र | | वा | | स | दा | | रि | | वी |
| प | ता | का | | ह | क | | अ | स | मा | न |
| र | | | जी | | प | र | दा | | | ता |
| वा | त | | न | ल | का | | व | | द | |
| ज | रु | र | त | | ना | | त | ल | वा | र |



## खबर संक्षेप

### आधार शिविर में 'छड़ी मुबारक' की रस्में शुरू



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आधार शिविर में बृहस्पतिवार को छड़ी मुबारक के अनुष्ठान शुरू हो गए। इस मौके पर भगवान शिव के पवित्र दंड 'छड़ी मुबारक' की पूजा-अर्चना की गईं। महंत दीपेंद्र गिरि ने कहा कि आषाढ़ पूर्णिमा के इस शुभ अवसर के दौरान, वैदिक मंत्रोच्चार, भूमि-पूजन, नवग्रह-पूजन, छड़ी-पूजन किया और ध्वजारोहण समेत विभिन्न अनुष्ठान किए गए। इन अनुष्ठानों को छड़ी मुबारक स्वामी अमरनाथ जी की वार्षिक तीर्थयात्रा की शुरुआत का प्रतीक माना जाता है।

### 'उदयपुर फाइल्स' की रिलीज अदालत ने रोकी



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने दर्जी कन्हैया लाल की हत्या पर आधारित फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' की रिलीज पर तब तक के लिए रोक लगा दी जब तक केंद्र सरकार फिल्म पर स्थायी प्रतिबंध लगाने की याचिकाओं पर फैसला नहीं कर लेती। फिल्म 11 जुलाई को रिलीज होने वाली थी। मुख्य न्यायाधीश डी.के. उपाध्याय और न्यायमूर्ति अनीश दयाल की खंडपीठ ने याचिकाकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे दो दिन के अंदर अपनी शिकायत केंद्र के पास लेकर जाएं।

आपातकाल पर प्रकाशित एक लेख में कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य ने इंदिरा गांधी के पुत्र संजय गांधी के कृत्यों को याद किया

# आपातकाल 'काला अध्याय' था, 1977 के चुनाव में जनता ने इंदिरा की ज्यादतियों को नकारा : थरूर


भाषा ▶▶ तिरुवनंतपुरम

वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि थरूर ने 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा घोषित आपातकाल की आलोचना करते हुए कहा कि देश की जनता ने उस दौर की ज्यादतियों का स्पष्ट जवाब उनकी पार्टी को बड़े अंतर से हराकर सत्ता से बाहर करके दिया। आपातकाल पर प्रकाशित एक लेख में कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य ने इसे भारत के इतिहास का 'काला अध्याय' बताया और इंदिरा गांधी के पुत्र संजय गांधी के कृत्यों को याद किया जिसमें जबरन नसबंदी अभियान एवं नयी दिल्ली में झुग्गियों को बलपूर्वक गिराए जाने के मामले शामिल हैं।

थरूर ने कहा कि (पूर्व) प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को इन कठोर कार्रवाई का समर्थन करते हुए देखा गया था। उन्होंने इस मामले में देश की पहली महिला प्रधानमंत्री की आलोचना की, जिन्हें नेहरू परिवार और कांग्रेस भारत की 'आयरन लेडी' मानती है। विपक्ष के नेता और वरिष्ठ कांग्रेस नेता वी. डी. सतीशन ने लेख पर उनके विचार पूछे जाने पर कहा कि केवल पार्टी का राष्ट्रीय नेतृत्व ही इस पर टिप्पणी कर सकता है।

> लोकतंत्र को हल्के में नहीं लेना चाहिए। यह एक बहुमूल्य विरासत
>
> संविधान को दरकिनार करने का असंतोष कई रूपों में फिर सामने आ सकता है।

> अनुशासन और व्यवस्था के लिए किए गए प्रयास अक्सर क्रूरतापूर्ण कृत्यों में बदल जाते हैं जिन्हें उचित नहीं ठहराया जा सकता। संजय गांधी ने जबरन नसबंदी अभियान चलाया जो इसका एक संगीन उदाहरण बन गया।



### हिंसा और बल का इस्तेमाल किया गया

थरूर ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा घोषित आपातकाल के दौरान उठाए गए कदमों पर कहा कि अनुशासन और व्यवस्था के लिए किए गए प्रयास अक्सर क्रूरतापूर्ण कृत्यों में बदल जाते हैं जिन्हें उचित नहीं ठहराया जा सकता। तिरुवनंतपुरम के सांसद ने लिखा, "इंदिरा गांधी के पुत्र संजय गांधी ने जबरन नसबंदी अभियान चलाया जो इसका एक संगीन उदाहरण बन गया। पिछड़े ग्रामीण इलाकों में मनमाने लक्ष्यों को पूरा करने के लिए हिंसा और बल का इस्तेमाल किया गया। नयी दिल्ली जैसे शहरों में झुग्गियों को बेरहमी से ध्वस्त कर उनका सफाया कर दिया गया।

### कांग्रेस आपातकाल की सोच का समर्थन करती है : भाजपा


**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** भाजपा ने कांग्रेस पर उस सोच को बढ़ावा देने का आरोप लगाया जिसने आपातकाल लाया था। पार्टी ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के खिलाफ बिहार में राहुल गांधी का प्रदर्शन विपक्षी पार्टी की इस सोच को रेखांकित करता है कि संवैधानिक संस्थाओं की वैधता उनकी चुनावी जीत या हार पर निर्भर करती है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कुछ कांग्रेस नेताओं द्वारा अपने वरिष्ठ सहयोगी शशि थरूर की आलोचना करने पर विपक्षी पार्टी पर निशाना साधा। कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने थरूर पर कटाक्ष करते हुए 'एक्स' पर लिखा, जब कोई सहकर्मी भाजपा की बातों को शब्दशः दोहराने लगता है, तो आप सोचने लगते हैं - क्या पक्षी तोता बन रहा है? नकल करना पक्षियों में अच्छा लगता है, राजनीति में नहीं। वह तिरुवनंतपुरम से चौथी बार के सांसद थरूर पर निशाना साध रहे थे, क्योंकि थरूर ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के दौरान 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत की गई कार्रवाइयों का समर्थन करते हुए टिप्पणियां और लेख लिखे हैं।

### ज्यादतियों का एहसास होने में 50 साल लग गए

इस मुद्दे के बारे में पूछे जाने पर त्रिवेदी ने संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस नेता को आपातकाल की ज्यादतियों का एहसास होने में 50 साल लग गए, लेकिन पार्टी के भीतर से आई प्रतिक्रिया से पता चलता है कि वह अब भी बेशर्मी से इस अतिवादी कदम का समर्थन कर रही है और इसके पीछे की सोच को उचित ठहरा रही है। उन्होंने कहा कि आपातकाल इसलिए लगाया गया क्योंकि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का चुनाव न्यायपालिका द्वारा रद्द कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने यह तय किया कि संवैधानिक पदों की वैधता उसकी सुविधा के अनुसार तय होगी। त्रिवेदी ने कहा, "बिहार में प्रदर्शन के दौरान राहुल गांधी की टिप्पणी इसी तरह की सोच को दर्शाती है कि संवैधानिक निकायों की वैधता उनकी चुनावी जीत या हार पर निर्भर करेगी।

पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक

# शाह ने राज्यों के विकास के लिए सामूहिक प्रयास का आह्वान किया



एजेंसी ▶▶ रांची

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्र नए सिरे से ध्यान देते हुए और नयी दिशा के साथ राज्यों के विकास को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सामूहिक प्रयासों की जरूरत है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। शाह ने यह टिप्पणी 27वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में की, जिसमें झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी सहित चार पूर्वी राज्यों- झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अधिकारियों ने बताया कि सोरेन ने राज्य से संबंधित 31 मुद्दे उठाए, जिनमें कोयला क्षेत्र के केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों पर 1.36 लाख करोड़ रुपये के बकाया का मुद्दा भी शामिल है। उन्होंने 'एमएसएमई' के माध्यम से बेहतर बुनियादी ढांचे और रोजगार सृजन का आह्वान किया। झारखंड ने आदिवासियों के लिए अलग सरना धार्मिक संहिता का मुद्दा भी उठाया।

### बुनियादी ढांचे को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित

बुधवार रात राज्य की राजधानी पहुंचे शाह बैठक के बाद एक विशेष विमान से दिल्ली के लिए रवाना हो गए। सोरेन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मांगों में सार्वजनिक उपक्रमों में स्थानीय निवासियों को प्राथमिकता, खदानों को सुरक्षित तरीके से बंद करना और पर्यटन को बढ़ावा देना तथा आदिवासी विरासत की रक्षा के लिए केंद्र का समर्थन शामिल हैं। राज्य में बुनियादी ढांचे को बढ़ाने पर भी ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें महत्वपूर्ण रेलवे और राजमार्ग योजनाओं के अलावा एक मेट्रो परियोजना का प्रस्ताव भी शामिल है।

### नक्सलवाद पर पूर्ण सहयोग का आश्वासन

बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा, "बिहार के विभाजन के बाद बिहार और झारखंड के बीच संपत्ति के बंटवारे सहित लंबित मुद्दों को सुलझाने के लिए एक समिति का गठन किया गया।" शाह ने चारों राज्यों को नक्सल समस्या को खत्म करने में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि 31 मार्च, 2026 तक इसे पूरी तरह से खत्म कर दिया जाएगा। बैठक में, बिहार ने बिहार और झारखंड के बीच संपत्ति के बंटवारे से संबंधित लंबे समय से लंबित मुद्दों को उठाया।

सिख वोटरों की मांग 40 साल बाद पूरी

# दिल्ली सिख गुरुद्वारा कमेटी में दी नई वोटिंग लिस्ट को मंजूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के सिख वोटरों की मांग करीब 40 साल बाद पूरी हुई है।



दरअसल दिल्ली सिख गुरुद्वारा कमेटी में वोटिंग लिस्ट को फोटो के साथ नए सिर से बनाने की मांग की जा रही है। 40 सालों से की जा रही इस मांग को गुरुवार को मंजूरी मिल गई है। अब पुरानी सभी वोटिंग लिस्ट को कैंसिल कर दिया जाएगा।

### वोटर लिस्ट बनाने की प्रक्रिया शुरू

दिल्ली में लाखों सिख वोटर हैं और वह दिल्ली सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट का प्रधान और मेंबर वोटिंग के हिसाब से चुनते हैं। सभी गुरुद्वारों का रखरखाव और सिखों से जुड़े मसलों को फिर गुरुद्वारा कमेटी ही मैनेज करती है। दिल्ली गुरुद्वारा चुनाव निदेशालय के मुताबिक, नई वोटर लिस्ट बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पत्र के जरिए 46 वार्डों के जोनल, ईआरओ दफ्तरों का पता, 23 जोन के 12 ईआरओ और 46 एईआरओ के नाम जारी कर दिए गए हैं।

कृषि मंत्री शिवराज ने की बैठक

# दक्षिणी आंध्र प्रदेश के सूखा ग्रस्त जिलों को लेकर की समीक्षा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बृहस्पतिवार को दक्षिणी आंध्र प्रदेश के सूखा ग्रस्त जिलों को लेकर आंध्र प्रदेश के मंत्रियों और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस बैठक में प्राकृतिक खेती और पाम ऑयल मिशन को लेकर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक का आयोजन पुट्टपर्थी के पीजीआरएस हॉल, कलेक्ट्रेट, श्रीसत्य साईं जिले में किया गया। इस बैठक के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि "आज पुट्टपर्थी में हमने आंध्र प्रदेश के कृषि मंत्री के साथ सूखा ग्रस्त जिलों को लेकर अहम बैठक की है। यहां की अपनी समस्याएं हैं। बारिश कम होती है, अक्सर सूखा पड़ता है और इसके कारण यहां किसान और खेती संकट में है। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व में आंध्र प्रदेश सरकार ने–ड्रिप इरिगेशन को बढ़ावा देने से लेकर, हॉर्टिकल्चर को बढ़ावा देने तक कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।"

# उच्च-शिक्षा में 2035 तक सकल नामांकन दर को 50 फीसदी तक बढ़ाया जाएगा: धर्मेंद्र प्रधान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को गुजरात के केवड़िया में आयोजित किए गए केंद्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के दो दिवसीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित किया। जिसमें उन्होंने मुख्य रूप से बीते वर्षों में देश में उच्च-शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए किए गए सरकार के प्रमुख सुधारों का विस्तार से जिक्र किया और क्षेत्र में सकल नामांकन दर (जीईआर) को 2035 तक बढ़ाकर 50 फीसदी तक करने का लक्ष्य सभी के सामने रखा। देश के 50 से अधिक उच्च-शिक्षा संस्थानों के कुलपतियों ने सम्मेलन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के कार्यान्वयन, मूल्यांकन और रणनीति बनाने पर विचार-विमर्श किया। इसके आयोजन का उद्देश्य विकसित भारत के 2047 के विजन को साकार करने में केंद्रीय विश्वविद्यालयों की संस्थागत प्रगति को समेकित और रेखांकित करना है। दिल्ली विश्वविद्यालय, हरियाणा विश्वविद्यालय, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, जेएनयू, राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय समेत कई अन्य विश्वविद्यालयों की इस अहम आयोजन में भागीदारी रही। प्रधान ने कहा कि एनईपी-20 छात्र प्रथम दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है। क्योंकि वे हमारी राष्ट्रीय शक्तियां हैं। देश में मौजूद प्रत्येक विश्वविद्यालय विकसित भारत के विजन को प्राप्त करने के लिए रणनीति पत्र तैयार करेगा। जिसमें विषयों का बहु-विषयक एकीकरण, भारतीय ज्ञान प्रणाली को मुख्यधारा में लाना है।

### भिखारियों के पुनर्वास के लिए सरकार ने स्माइल योजना में किया संशोधन

**नई दिल्ली।** केंद्र ने भिखारियों के लिए प्रमुख पुनर्वास कार्यक्रम में संशोधन किया है और इस कार्यक्रम में समर्पित आश्रय गृह, व्यावसायिक प्रशिक्षण, मनोवैज्ञानिक परामर्श, स्वास्थ्य सेवाएं समेत बच्चों के लिए शिक्षा जैसी व्यवस्थाएं शामिल की गई हैं। अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि संशोधित स्माइल (आजीविका और उद्यम के लिए हाशिए पर पड़े व्यक्तियों को सहायता) योजना दंडात्मक प्रतिक्रियाओं से अधिकार-आधारित, पुनर्वास दृष्टिकोण की ओर बदलाव का प्रतीक है, जिसका उद्देश्य संवेदनशील व्यक्तियों को संरचित सहायता प्रदान करना है।

- व्यावसायिक प्रशिक्षण, मनोवैज्ञानिक परामर्श, समेत बच्चों के लिए शिक्षा जैसी व्यवस्थाएं

मुख्यमंत्री ने मुंबई में 'सिंदूर ब्रिज' का उद्घाटन किया

# फड़णवीस ने इसे सशस्त्र बलों और भारत की रक्षा क्षमताओं के प्रति सम्मान बताया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फड़णवीस ने गुरुवार को दक्षिण मुंबई में पुनर्निर्मित कार्नाक रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) का उद्घाटन किया, जिसे भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' के सम्मान में 'सिंदूर ब्रिज' नाम दिया गया है। फड़णवीस ने बताया कि भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान के अंदरूनी इलाकों में आतंकवादी ठिकानों पर हमला करके असाधारण साहस और सामरिक सटीकता का परिचय दिया है।

> पहले कार्नाक ब्रिज के नाम से जाना जाता था



### दक्षिण मुंबई की भीड़ को कम करेगा

ब्रिटिश काल का यह पुल पहले बॉम्बे प्रांत के पूर्व गवर्नर जेम्स रिवेट कार्नाक के नाम पर कार्नाक ब्रिज के नाम से जाना जाता था, जिन्होंने 1839 से 1841 तक इस पद को संभाला था। यह पुल मध्य रेलवे (मुंबई छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल और मस्जिद स्टेशन के बीच) के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों को जोड़ता है और पी डिमेलो रोड से जुड़ता है। यह दक्षिण मुंबई में यातायात की भीड़ को कम करेगा।

### गणेशोत्सव 'राज्य महोत्सव' घोषित

देवेंद्र फड़णवीस की सरकार ने गणेशोत्सव त्योहार को महाराष्ट्र का राज्य महोत्सव घोषित किया है।

# पंजाब ने सभी परिवारों को 10 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा देने की योजना को मंजूरी दी

भाषा ▶▶ चंडीगढ़

पंजाब मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को राज्य के सभी परिवारों को सरकारी और सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में 10 लाख रुपये तक का नकद रहित चिकित्सा उपचार प्रदान करने की योजना को मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने यहां मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता करने के बाद कहा, "इसके साथ ही पंजाब 10 लाख रुपये तक का नकद रहित उपचार उपलब्ध कराने वाला पहला राज्य बन गया है।"

मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) के एक प्रवक्ता ने बताया कि 'मुख्यमंत्री सेहत योजना' दो अक्टूबर से शुरू की जाएगी। मान ने आठ जुलाई को इस योजना को लाने की घोषणा की थी। इस योजना के तहत स्वास्थ्य कार्ड सेवा केंद्रों या सामान्य सेवा केंद्रों (सीएससी) पर जारी किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, नागरिक स्वास्थ्य कार्ड प्राप्त करने के लिए अपने आधार कार्ड या मतदाता पहचान पत्र का उपयोग करके ऑनलाइन पंजीकरण भी करा सकते हैं। अधिकारी ने बताया कि इस योजना से राज्य के तीन करोड़ निवासियों को लाभ होगा। प्रवक्ता ने बताया कि अब तक 550 से ज्यादा निजी अस्पतालों को इस योजना के लिए सूचीबद्ध किया जा चुका है और भविष्य में यह संख्या बढ़ाकर 1,000 की जाएगी। पहले एक परिवार केवल पांच लाख रुपये तक का उपचार करा सकता था। अब इस सीमा को बढ़ा दिया गया है। प्रवक्ता ने दावा किया कि इस पहल को शुरू करके पंजाब ने देश के बाकी हिस्सों के लिए एक नया मानदंड स्थापित किया है और अपने नागरिकों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, बिजली और बस यात्रा की पेशकश करने वाला पहला राज्य बन गया है।

- अब तक 550 से ज्यादा निजी अस्पतालों को इस योजना के लिए सूचीबद्ध किया जा चुका

# इलाज के नाम पर गैर मुनासिब बिल थमाए जाएं, इसको लेकर केंद्र सरकार कर रही काम

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

स्वास्थ्य बीमा लेकर अगर कोई मरीज अस्पताल किसी बीमारी का ईलाज कराने पहुँचा तो बीमा राशि कैसे हड़पी जाए, कैसे ईलाज के नाम पर गैर मुनासिब बिल थमाये जाएं, इसकी ढेरों शिकायत केंद्र सरकार को मिल रही है। केंद्र ने भी इसको गंभीरता से लिया है। मरीज को उचित खर्च पर उचित ईलाज मिले, इसका मैकेनिज्म केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और वित्त मंत्रलाय तैयार कर रहा है।

शुरुआती तौर पर मौजूदा राष्ट्रीय स्वास्थ्य दावा विनिमय पोर्टल (एनएचसीएक्स), जो वर्तमान में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) द्वारा संचालित है, उसको वित्त मंत्रालय और भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) के तत्वावधान में लाने की योजना बनाई है। इस कदम का उद्देश्य निजी अस्पतालों द्वारा मरीजों से अत्यधिक शुल्क वसूली को रोकना और स्वास्थ्य बीमा दावों की प्रक्रिया को और अधिक सुगम बनाना है। विशेषज्ञों का मानना है कि केंद्र सरकार की सीधी निगरानी में व्यवस्था रहेगी तो खुली लूट पर अंकुश लगाया जा सकेगा। हाल के वर्षों में, स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र में कई अनियमितताएं सामने आई हैं। इरडा की एक हालिया जांच में पाया गया कि कई निजी अस्पताल उन मरीजों से अधिक शुल्क वसूल रहे हैं, जिनके पास उच्च कवरेज वाली बीमा पॉलिसी है। इससे न केवल मरीजों को आर्थिक नुकसान हो रहा है, बल्कि बीमा कंपनियां भी प्रीमियम की दरें बढ़ा रही हैं।

- मरीज को उचित खर्च पर उचित इलाज मिले, इसका मैकेनिज्म केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और वित्त मंत्रालय कर रहा तैयार





कुछ मामूली सावधानियां और उच्च वोल्टेज विद्युत उपकरणों से दूरी बनाने भर से सुरक्षित रहने में मदद मिलेगी

- बिजली के खंभों, वायर, सब-स्टेशन, ट्रांसफार्मर और स्ट्रीटलाइट आदि से दूर रहें।
- बच्चों को बिजली के उपकरणों के आसपास न खेलने दें और ऐसे पार्क में ना खेलें जहां पानी भरा हो और पार्क की रेलिंग को छूने से भी बचे।
- अगर आपको कोई गिरा हुआ केबल , पोल , बाहर की ओर निकली हुई वायरिंग या सड़क पर खुदाई दिखे तो इसके बारे में निकटतम रेलवे कर्मचारी को बताएं।
- किसी इलेक्ट्रिसिटी सिस्टम में हुकिंग करके बिजली चोरी करने की कोशिश से सुरक्षा को लेकर गंभीर खतरा पैदा हो सकता है। बिजली चोरी की घटनाओं के बारे में कृपया जानकारी दें ।

"RAILWAY BIJLI SAMADHAAN" (RBS) डाउनलोड करें

Scan QR code to download app

RBS APP को खोले, मोबाइल नंबर की मदद से स्वयं को रजिस्टर करें।

विद्युत सम्बन्धी अपनी शिकायत को APP के माध्यम से दर्ज़ कराएं।

- बिना योजना के खुदाई करने या ट्रेंचलेस मशीन का इस्तेमाल करने से इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई बाधित हो सकती है । सभी संबंधित विभाग जैसे नगर निगम विभाग, राज्य बिजली बोर्ड और रेलवे विभाग (इंजीनियरिंग, सिग्नल और दूरसंचार) से अनुरोध है कि ऐसी किसी भी काम की जानकारी नीचे दिए मोबाइल नंबर पर दें ।

DANGER खतरा

संपर्क करें: 011-42627151, 9717632789 9717633727

उत्तर रेलवे
www.nr.indianrailways.gov.in
हमें फॉलो करें: /RailMinIndia

2089/25

## चिंतन

# मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण असंवैधानिक नहीं

हर बात का विरोध करने करने वाले विपक्ष को सुप्रीम झटका लगा है। उच्चतम न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को जारी रखने की अनुमति दे दी है। चुनाव आयोग ने जब से बिहार में एसआईआर योजना शुरू की है, तब से विपक्ष ने इसे रोकने के हर तरह के हथकंडे अपनाए। इसी कड़ी में आखिरकार मामला सर्वोच्च न्यायालय पहुंच गया। विपक्ष की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर को 'संवैधानिक दायित्व' बताया। विपक्षी दल ने संविधान का उल्लंघन बताते हुए इस कवायद का तीखा विरोध किया था। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने इस कवायद के समय पर सवाल उठाया और कहा कि बिहार में एसआईआर के दौरान आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड पर दस्तावेज के तौर पर विचार किया जा सकता है। जैसा कि चुनाव आयोग ने अपनी सफाई में कहा है कि यह उसका देशभर का कार्यक्रम है, लेकिन शुरू बिहार से किया गया है, तो शीर्ष अदालत का प्रश्न जायज है कि बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले क्यों? चुनावों के समय ही चुनाव आयोग को एसआरआई कवायद शुरू करने की जरूरत क्यों पड़ती है। चुनाव आयोग की विश्वसनीयता और ईमानदारी पर न आवाम को संदेह है और न ही सुप्रीम कोर्ट को, क्योंकि यह एक संवैधानिक दायित्व है, लेकिन इस प्रक्रिया को बहुत पहले शुरू करना चाहिए था। अब चूंकि नवंबर तक विधानसभा चुनाव पूर्ण होने हैं, ऐसे में चुनाव आयोग के पास एसआईआर को पूर्ण करने के लिए बहुत कम समय मिलेगा। ऐसे में सुप्रीम चिंता जायज है। 60 प्रतिशत मतदाताओं ने अपनी पहचान सत्यापित कर दी है और उन्होंने अदालत को आश्वासन दिया कि किसी को भी अपनी बात रखने का अवसर दिए बिना मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी अहम है कि ''हम किसी संवैधानिक संस्था को वह करने से नहीं रोक सकते जो उसे करना चाहिए, साथ ही, हम उन्हें वह भी नहीं करने देंगे जो उन्हें नहीं करना चाहिए।'' सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग से कहा कि आपको पहले ही कदम उठाना चाहिए था, अब थोड़ी देर हो चुकी है। बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले एसआईआर पूरा करना नामुमकिन जैसा है। विशेष गहन पुनरीक्षण महत्वपूर्ण मुद्दा है, जो लोकतंत्र की जड़ों से जुड़ा है और यह मतदान के अधिकार से संबंधित है। भारत निर्वाचन आयोग ने इस कवायद को न्यायोचित ठहराया है, इसे सकारात्मक रूप में रखा जाना चाहिए। संविधान के अनुच्छेद 326 का हवाला देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रत्येक मतदाता को भारतीय नागरिक होना चाहिए और 'आधार कार्ड नागरिकता का प्रमाण नहीं है। पिछली बार ऐसी कवायद 2003 में की गयी थी। 22 वर्ष बाद फिर हो रही है। राज्य में कई नए पात्र मतदाता होते हैं, जिनका नाम जुड़ना चाहिए, कई लोगों की मृत्यु हो जाती है, इसके साथ ही कई लोग पलायन कर जाते हैं। भारत में घुसपैठ भी बड़ी समस्या है, इसलिए मतदान सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण आवश्यक हैं। लेकिन चुनाव आयोग को यह काम ठीक चुनाव से पहले करने के बजाय समय रहते शुरू करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने माना है कि चुनाव आयोग जो भी कर रहा है, वह संविधान के दायरे में है, ऐसे में विपक्ष का राजनीतिक विरोध निरर्थक है। निर्वाचन आयोग ने यह आश्वस्त किया है कि किसी को भी अपनी बात रखने का अवसर दिए बिना मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जाएगा।



सामरिक
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# उन्नत सैन्य शक्ति बनना जरूरी

> पाक सरकार और उसके सेना प्रमुख आसिम मुनीर भारत को बार-बार गीदड़ भभकी देने से बाज नहीं आ रहे हैं। 30 जून को मुनीर ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को एक वैध संघर्ष बताते हुए कहा कि उनका देश कश्मीर के लोगों के संघर्ष में हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा। भारत को मात देने के लिए चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश मिलकर नया सार्क बनाने की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में पड़ोसी दुश्मन देशों पाकिस्तान और चीन के बढ़ते हुए नापाक गठबंधन और उनके द्वारा लगातार आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने के परिदृश्य के मद्देनजर भारत को नई आर्थिक शक्ति और नए दौर की उन्नत परमाणु हथियारों की क्षमताओं से सुसज्जित होना जरूरी है।

यकीनन इस समय भारत का नई वैश्विक आर्थिक शक्ति और उन्नत परमाणु शक्ति बनना जरूरी है। 4 जुलाई को भारतीय सेना के डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने न सिर्फ पाकिस्तान को हराया है, बल्कि पाकिस्तान को परोक्ष रूप से हरसंभव सहायता देने वाले चीन और तुर्किए को भी हराया है। यद्यपि हाल ही में एक जुलाई से 31 जुलाई तक एक माह के लिए पाकिस्तान के संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अध्यक्ष बनने के बाद वह कोई विशेष शक्ति तो नहीं रखता है, फिर भी उसने भारत के हितों को नुकसान पहुंचाने के कदम उठाने शुरू किए हैं। ऑपरेशन सिंदूर में बुरी तरह पिटने के बाद भी पाकिस्तान की अकड़ कम नहीं हुई है।

पाक सरकार और उसके सेना प्रमुख आसिम मुनीर भारत को बार-बार गीदड़ भभकी देने से बाज नहीं आ रहे हैं। 30 जून को मुनीर ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को एक वैध संघर्ष बताते हुए कहा कि उनका देश कश्मीर के लोगों के संघर्ष में हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा। भारत को मात देने के लिए चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश मिलकर नया सार्क बनाने की तैयारी कर रहे हैं। इस नए सार्क में दक्षिण एशिया के अन्य देशों को भी शामिल करने की तैयारी है। ऐसे में पड़ोसी दुश्मन देशों पाकिस्तान और चीन के बढ़ते हुए नापाक गठबंधन और उनके द्वारा लगातार आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने के परिदृश्य के मद्देनजर भारत को नई आर्थिक शक्ति और नए दौर की उन्नत परमाणु हथियारों की क्षमताओं से सुसज्जित होना जरूरी है। उल्लेखनीय है कि इजरायल- ईरान युद्ध और ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत-पाक संघर्ष के परिणामों का विश्लेषण बताता है कि युद्ध में नई एआई तकनीक और आर्थिक ताकत की अहमियत दिखाई दी है और परमाणु हमले की धमकी बेअसर साबित हुई है। अब पाकिस्तान के द्वारा चीन के सहयोग से परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम अंतर महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल जैसे हथियार विकसित किए जाने के मद्देनजर भारत के लिए उन्नत परमाणु शक्ति संपन्न देश बनना भी जरूरी है। चूंकि शक्ति के माध्यम से ही शांति आती है और शक्ति से भविष्य के युद्ध भी रोके जा सकते हैं,अतएव भारत को हर मोर्चे पर शक्तिशाली बनाने के सपने को साकार करने के लिए देश के आसमान छूते वैज्ञानिक, तकनीकी विशेषज्ञ, उद्यमी- कारोबारी और और पूरे देश का जनबल एकजुटता से कदम आगे बढ़ाते हुए दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि हाल ही में 24 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में सरकार ने आर्थिक और सामरिक क्षेत्र को मजबूत बनाया है। भारत ने आतंकवाद के प्रति कठोर नीति अपनाई है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने महज 22 मिनट में स्वदेशी हथियारों से दुश्मन को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था। वस्तुतः ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने एआई के उपयोग से पाकिस्तान के लक्षित आतंकी ठिकानों को बर्बाद करके अभूतपूर्व मिसाल पेश की है। ऐसे में भारत दुनिया की आर्थिक शक्ति बनने, पाकिस्तान और चीन की सैन्य चुनौतियों से मुकाबले के लिए एआई तकनीकों और उन्नत परमाणु हथियारों के शक्ति संपन्न देश बनने की संभावनाओं को साकार कर सकता है। भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था भारत



को वैश्विक आर्थिक शक्ति बना सकती है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि पिछले दिनों दुनिया को हिलाने वाले इजरायल और ईरान के बीच भारत अपने बहुआयामी आर्थिक आधारों से युद्ध की आर्थिक चुनौतियों के बीच सक्षम बनकर मजबूती के साथ खड़ा रहा है। जहां इस युद्ध से दुनिया के कई देशों में पेट्रोल-डीजल के दाम में वृद्धि, व्यापार में कमी, खाद्यान्न सहित जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति में कमी और शेयर बाजार में गिरावट का परिदृश्य उभरकर दिखाई दिया, वहीं भारत इन सब मुश्किलों के मद्देनजर बेहतर स्थिति में बना रहा है। यह भी महत्वपूर्ण है कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के साथ संघर्ष का भी भारत की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर नहीं गिरा।

भारत का बड़ा घरेलू बाजार, निर्यात पर कम निर्भरता, सरकार के भारी पूंजीगत व्यय, बढ़ती क्रय शक्ति, मेक इन इंडिया और कृषि क्षेत्र में ऊंची सफलता ने देश को बाहरी आर्थिक झटकों को झेलने की मजबूती स्थिति में रखा है। युद्ध के दौर में भी भारत के निर्यात बढ़े हैं और भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में वृद्धि हुई है। भारत की विकास दर चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 6.5 फीसदी रहेगी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) की विश्व आर्थिक परिदृश्य से जुड़ी रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2025 में भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनते हुए दिखाई देगा। ऐसे में अब भारत को दुनिया की नई आर्थिक शक्ति बनाने के लिए कई बातों पर ध्यान देना होगा। सूक्ष्म,लघु और मझौले उद्यम (एमएसएमई) तेज विकास व रोजगार के लिए एक कारगर हथियार बन सकते हैं । देश से सेवा निर्यात (सर्विस एक्सपोर्ट) बढ़ाकर व्यापार घाटे में कमी लाई जा सकती हैं। आत्मनिर्भर भारत अभियान, मेक इन इंडिया, जीएसटी और लॉजिस्टिक सुधार के साथ- साथ आर्थिक और वित्तीय सुधार भारतीय अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ा सकते हैं। इस समय पूरी दुनिया में भारत सेवा निर्यात की डगर पर छलांगें लगाकर आगे बढ़ रहा है। भारत को सेवा निर्यात की नई वैश्विक राजधानी के रूप में रेखांकित किया जा रहा है। अब भारत की नई वैश्विक व्यापार रणनीति के तहत नए मुक्त व्यापार समझौतों और द्विपक्षीय व्यापार समझौतों से व्यापार घाटे में कमी लाने के प्रयास करने होंगे। भारत के द्वारा ब्रिटेन के साथ किए गए मुक्त व्यापार समझौते के बाद अब अमेरिका और यूरोपीय यूनियन के साथ-साथ मुक्त व्यापार समझौतों को 31 दिसंबर 2025 तक पूर्ण किए जाने के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ना होगा। निश्चित रूप से इजरायल-ईरान युद्ध और ऑपरेशन सिंदूर का यह भी सबक है कि युद्ध सिर्फ आर्थिक ताकत और अत्याधुनिक एआई तकनीक के दम पर ही लड़े जाते हैं तथा परमाणु हमले की धमकी से युद्ध नहीं जीते जाते हैं। भारत के पास 180 और पाकिस्तान के पास 170 परमाणु हथियार हैं। इस समय पाकिस्तान और चीन की युद्ध चुनौतियों के मद्देनजर भारत के द्वारा परमाणु हथियारों को उन्नत किया जाना भी जरूरी है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि पाकिस्तान भारत के ऑपरेशन सिंदूर से बुरी तरह पराजित होकर चीन की मदद से अपने परमाणु हथियारों को उन्नत करने की कोशिश में जुट गया है ऐसे में दो शत्रु देश चीन और पाकिस्तान के साथ होने से भारत के लिए एआई, साइबर तकनीक और मिसाइल रक्षा जैसी नई तकनीकों से उन्नत परमाणु शक्ति बनना जरूरी है। उम्मीद करें कि सरकार इजरायल-ईरान युद्ध और ऑपरेशन सिंदूर से भारत के लिए जो उम्मीदों भरे आर्थिक-सामरिक सबक निकले हैं, उनके मद्देनजर भारत को आर्थिक शक्ति, एआई की नई तकनीकों और उन्नत परमाणु शक्ति सम्पन्न देश बनाने के लिए रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ेगी।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

बढ़ती आबादी
अरविंद जयतिलक




# प्रभावी जनसंख्या नीति की दरकार

भारत चीन को पछाड़कर दुनिया का सर्वाधिक आबादी वाला देश बन चुका है। जहां चीन की आबादी 142.57 करोड़ है, वहीं भारत की आबादी 142.86 करोड़ हो चुकी है। गत वर्ष संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) के आंकड़ों में कहा गया था कि चीन के मुकाबले भारत में 30 लाख से अधिक लोग हैं। यह पहली बार है जब भारत जनसंख्या सूची में शीर्ष पायदान पर है। इस रिपोर्ट के मुताबिक देश के राज्य केरल और पंजाब में बुजुर्गों की संख्या अधिक है, वहीं बिहार और उत्तर प्रदेश में युवा आबादी सर्वाधिक है। भारत की आबादी आने वाले तीन दशकों तक बढ़ती रहेगी और उसके बाद घटनी शुरू होगी। यानि 2050 तक भारत की आबादी 166 करोड़ के पार पहुंच सकता है। उधर, चीन की आबादी घटकर 131.7 करोड़ रह जाएगी। रिपोर्ट के मुताबिक जब दुनियाभर में जनसंख्या बढ़ने की गति धीमी पड़ रही है, वहीं भारत में सालभर में आबादी 1.56 फीसद बढ़ी है। भारत में जनसंख्या वृद्धि इसलिए है कि नवजात, शिशु और बाल मृत्यु दर में गिरावट आयी है। एक आंकड़े के मुताबिक 2012 में एक वर्ष के कम उम्र के बच्चों की मौत की दर 42 प्रति हजार थी, जो 2025 में घटकर 24.98 प्रति हजार रह गयी है। यह रेखांकित करता है कि भारत में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हुई हैं लेकिन बढ़ती आबादी के मुताबिक अर्थव्यवस्था को आकार देना बेहद जरूरी है। इस जनसंख्या वृद्धि का सकारात्मक पहलू यह है कि भारत दुनिया की सर्वाधिक युवा आबादी वाला देश बन चुका है लेकिन एक सच यह भी है कि बढ़ती जनसंख्या के सापेक्ष संसाधनों की कमी और सामाजिक-आर्थिक चुनौतियां बढ़ेंगी। इसलिए कि अनुकूलतम जनसंख्या के बिना विकास के अपेक्षित लक्ष्य को हासिल नहीं किया जा सकता। सच तो यह है कि विगत पांच दशकों में जनसंख्या में निरंतर तीव्र वृद्धि के कारण जनसंख्या विस्फोट की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। विशेषज्ञों की मानें तो जनसंख्या की यह तीव्र वृद्धि आर्थिक विकास के मार्ग को अवरुद्ध कर रही है और कई तरह की समस्याएं पैदा हो रही हैं। भारत में जनसंख्या में तीव्र वृद्धि के कारण बेरोजगारी, खाद्य समस्या, कुपोषण, प्रति व्यक्ति निम्न आय, निर्धनता में वृद्धि, मकानों की समस्याएं, कीमतों में वृद्धि, कृषि विकास में बाधा, बचत तथा पूंजी निर्माण में कमी, जनोपयोगी सेवाओं पर अधिक व्यय, अपराधों में वृद्धि तथा शहरी समस्याओं में वृद्धि जैसी ढेर सारी समस्याएं उत्पन हुई हैं। इनमें सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी की है। देश में पूंजीगत साधनों की कमी के कारण रोजगार मिलने में कठिनाई उत्पन्न हो रही है। गौर करें तो रोजगार न मिलने के दो कारण हैं।

एक, यह कि सरकारी क्षेत्र में नौकरियां लगातार सिकुड़ रही हैं वहीं दूसरी ओर प्राइवेट क्षेत्र में उन्हीं लोगों को रोजगार मिल रहा है जिन्हें कारोबारी प्रशिक्षण हासिल है। सबसे अधिक बेरोजगारी ग्रामीण क्षेत्रों में है। अगर गांव के पढ़े-लिखे नौजवानों को बागवानी, पशुपालन, पौधरोपण, कृषि यंत्रों की मरम्मत के संबंध में आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाए तो बेरोजगारी से निपटने में मदद मिलेगी। तीव्र जनसंख्या वृद्धि के कारण कुपोषण की समस्या भी लगातार सघन हो रही है। यूनाइटेड नेशन के फुड एग्रीकल्चर आर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट से उद्घाटित हो चुका है कि भारत में पिछले एक दशक में भूखमरी की समस्या से जुझने वालों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। इफको की रिपोर्ट में भी कहा जा चुका है कि कुपोषण की वजह से देश के लोगों का शरीर कई तरह की बीमारियों का घर बनता जा रहा है। गौर करें तो कुपोषण वास्तव में घरेलू खाद्य असुरक्षा का सीधा परिणाम है। लोगों तक खाद्य की पहुंच सुनिश्चित करके ही कुपोषण को मिटाया जा सकता है। भारत में कुपोषण का सर्वाधिक संकट महिलाओं को झेलना पड़ रहा है। हर वर्ष लाखों गर्भवती महिलाएं उचित पोषण के अभाव में दम तोड़ रही हैं। दक्षिण एशिया में भारत कुपोषण के मामले में सबसे बुरी स्थिति में है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि भारत जनसंख्या की तीव्र वृद्धि को रोकने के लिए नई जनसंख्या नीति को आकार दे। इस पर गहनता से विचार करे कि आखिर भारत के लिए अनुकूलतम जनसंख्या क्या हो? अभी तक जितनी भी राष्ट्रीय जनसंख्या नीति बनी है, उसका सकारात्मक परिणाम देखने को नहीं मिला। 1976 की राष्ट्रीय जनसंख्या नीति के तहत जन्म दर तथा जनसंख्या वृद्धि में कमी लाना, विवाह की न्यूनतम आयु में वृद्धि करना, परिवार नियोजन को प्रोत्साहित करना तथा स्त्री शिक्षा पर विशेष जोर देना इत्यादि का लक्ष्य रखा गया था। कमोवेश इसी तरह का उद्देश्य और लक्ष्य वर्ष 2000 की नई राष्ट्रीय नीति में भी रखा गया, लेकिन जिस गति से आबादी में इजाफा हो रहा है वह बेहद चिंताजनक है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## शिव दुष्ट में भी मौजूद हैं और धर्मात्मा में भी



संकलित
**दर्शन**

केवल ज्ञान हमारी चेतना का उत्थान नहीं कर सकता है। अनुभव के बिना ज्ञान बिल्कुल वैसा ही है, जैसे कि बिना लक्ष्य की प्राप्ति हुए गधे पर बैठकर दौड़ना। हमें यह समझने की आवश्यकता है कि हम सीमित व्यक्ति नहीं, बल्कि ईश्वर का अभिन्न अंग हैं। शिव एक खाली स्थान की भांति, दिन और रात, सुख और दुख से अप्रभावित रहते हैं। शिव हमारे भीतर ही रहते हैं और भीतर से ही हमें आशीर्वाद देते हैं। यह वैसा ही है कि जिस प्रकार से बुरे स्वप्न से जागकर हमें यह पता चलता है कि हम सुरक्षित हैं। श्री रुद्रम को सुनने के बाद हमें हमारे वास्तविक स्वभाव के बारे में जागृति होती है, जो ईश्वर ही है। केवल धर्म संस्कार हमारा उत्थान नहीं कर सकते हैं। वास्तविक उत्थान भीतरी रूपांतरण, सरलता और ईश्वर के साथ अपने संबंध को पहचानने से होता है। शिव का सौंदर्य विविधता में मौजूद है। जिस प्रकार से सूर्य का प्रकाश सब जगह एक समान पड़ता है, वैसे ही शिव हर एक चीज में मौजूद है। जैसे - मिट्टी के गड्ढों में, घने जंगलों में, रेगिस्तान और पहाड़ों में, सब जगह पर शिव व्याप्त हैं। शिव दुष्ट में भी मौजूद हैं और धर्मात्मा में भी। उनका प्रेम सबके लिए है, इसमें कोई शर्त नहीं है और जो जैसा है, उसे शिव वैसे ही स्वीकार करते हैं। हमारी प्रवृत्तियों में मौजूद शत्रु हमारे विकास में बाधा डालते हैं। शिव से जुड़ जाने से, उनकी भक्ति करने से ये सारे भीतरी शत्रु यानी बुराइयां समाप्त हो जाती हैं और हमें बाहरी जगत की चुनौतियों से लड़ने की शक्ति मिलती है।

## गुरु ज्ञान से किसी भी की सोच बदल सकता है



संकलित
**प्रेरणा**

ऋषि वशिष्ठ श्रीराम कुलगुरु थे। इन्हीं की सलाह पर राजा दशरथ ने पुत्रेष्टि यज्ञ किया था। यज्ञ के फल से श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का जन्म हुआ। इन्होंने वशिष्ठ पुराण, वशिष्ठ श्राद्धकल्प, वशिष्ठ शिक्षा आदि ग्रंथों की रचना भी की। जब विश्वामित्र एक राजा थे, तब एक दिन वे शिकार खेलते-खेलते बहुत दूर निकल आए। आराम करने के लिए वे ऋषि वशिष्ठ के आश्रम में रुक थे। आश्रम में विश्वामित्र ने कामधेनु नंदिनी गाय को देखा। नंदिनी गाय को देख विश्वामित्र ने वशिष्ठ से कहा कि ये गाय आप मुझे दे दीजिए, लेकिन ऋषि वशिष्ठ ने कामधेनु को देने से मना कर दिया। राजा विश्वामित्र कामधेनु को बलपूर्वक अपने साथ ले जाने लगे। विश्वामित्र कामधेनु के लिए युद्ध तक करने के लिए तैयार हो गए थे पर तब ऋषि वशिष्ठ के कहने पर नंदिनी गाय ने विश्वामित्र सहित उनकी पूरी सेना को भगा दिया। राजा विश्वामित्र को अपने सैनिकों सहित वापस राज्य में लौटना पड़ा। ऋषि वशिष्ठ का ऐसा प्रभाव देखकर विश्वामित्र बहुत हैरान हो गए। विश्वामित्र ने सोचा की तप में कितना बल है की एक व्यक्ति अपने तप से सभी को प्रभावित कर सकता है। इस घटना के बाद विश्वामित्र ने राज-पाठ छोड़ दिया और तप करने लगे। वशिष्ठ जी के ज्ञान और तप के प्रभाव से विश्वामित्र की सोच बदल गई और बाद में वे भी बह्मर्षि बन गए। गुरु अपने ज्ञान और तप से किसी भी व्यक्ति की सोच बदल सकते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### नशा बनाता है हैवान

नशा किस तरह किसी व्यक्ति को हैवान बना देता है, इसके बारे में हम खबरों के जरिए भी जानते हैं। इन खबरों में इनसानियत को शर्मसार करने की हरकतों या अपराध का जिक्र होता है। कभी नशे की खातिर कोई अपनी मां की, कोई बाप की, कोई भाई की तो कभी किसी और की हत्या कर देता है। नशा बल-बुद्धि, शरीर और परिवार के लिए घातक होता है। नशा इनसान को हैवान भी बना देता है, हैवानियत के कारण नशेड़ी इनसान अपने घर-परिवार के सदस्यों के साथ, यहां तक कि अपने बच्चों के साथ भी क्रूरता भरा व्यवहार करने से गुरेज नहीं करता है। मां-बाप अपने बच्चों को लाड़ प्यार से पाल कर उनके भविष्य के लिए सुनहरी सपने संजोते हैं, लेकिन जब कोई बच्चा बचपन या जवानी की दहलीज पर पांव रखते ही नशे के दलदल में धंसना शुरू होता है, तो उन्हें बड़ी परेशानी होती है। *-मुकेश चन्द्राकर, धमतरी*

## करंट अफेयर

### द. अफ्रीका में भारतीय मजदूरों की स्मृति में स्मारक निर्माण


दक्षिण अफ्रीका में 1860 में डरबन तट पर उतरे पहले गिरमिटिया मजदूरों की स्मृति में एक स्मारक का निर्माण शुरू हो गया है। इस स्मारक के निर्माण पर फैसला लगभग एक दशक पहले लिया गया था। इस स्मारक के निर्माण के लिए धन क्वाज़ुलु-नटाल (केजेडएन) प्रांत की प्रांतीय सरकार कर रही है। दक्षिण अफ्रीका की लगभग 18 लाख भारतीय मूल की दो-तिहाई से अधिक आबादी इस प्रांत में निवास करती है। शुरुआत में स्मारक में एक मेहराब के अंदर एक घंटाघर बनाने की योजना थी, जो गन्ने के खेत में काम करने वाले उन गिरमिटिया मज़दूरों के उस कठिन परिश्रम का प्रतीक था जो उन्हें सुबह से शाम तक तब तक करना पड़ता था जब तक कि घड़ी की सूई दिन के अंत का संकेत न दे दे। लेकिन स्थानीय भारतीय समुदाय में असहमति के बाद अंततः इस बात पर आम सहमति बनी कि स्मारक के चबूतरे पर एक पुरुष, महिला और बच्चे की कांस्य मूर्ति स्थापित की जाएगी। यह स्मारक 16 नवंबर तक तैयार हो जाने की उम्मीद है। वर्ष 1860 में मद्रास से मजदूरों के पहले समूह को लेकर एसएस टूरो पोत दक्षिण अफ्रीका पहुंचा था। गिरमिटिया मजदूरों के यहां आने की यह 165वीं वर्षगांठ होगी।



## ऑफ बीट

### आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा कर रहे

क्षुद्रग्रह हमारे सौर मंडल के निर्माण के बाद बचे चट्टानों के टुकड़े हैं। चार मीटर से अधिक व्यास वाले लगभग आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा करते रहते हैं, जो हमारे सौर मंडल से लगभग 30 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से गुजरते हैं - लगभग पृथ्वी के समान गति से। ज्यादातर मामलों में, सबसे छोटे क्षुद्रग्रह पृथ्वी के वायुमंडल से टकराने पर काफी हद तक टूट जाते हैं, और सतह तक भी नहीं आ पाते हैं। जब एक छोटा क्षुद्रग्रह (या उल्कापिंड, क्षुद्रग्रह से छोटी वस्तु) पृथ्वी के वायुमंडल से टकराता है, तो यह एक चमकीला 'आग का गोला' बन जाता है - एक शूटिंग स्टार या उल्का का एक बहुत लंबे समय तक चलने वाला और उजला संस्करण। यदि वस्तु का कोई बचा हुआ टुकड़ा जमीन से टकराता है, तो उसे उल्कापिंड कहा जाता है। अधिकांश वस्तु वायुमंडल में जल जाती है। प्रति वर्ष एक बार, औसतन, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह से टकराता है। यदि आपने उस सतह क्षेत्र को दोगुना कर दिया, तो आपको प्रति वर्ष दो मिलेंगे। पृथ्वी की त्रिज्या 6,400 किमी है। दोगुने सतह क्षेत्रफल वाले एक गोले की त्रिज्या 9,000 किमी है। तो, प्रति वर्ष लगभग एक बार, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह के 2,600 किमी के भीतर आएगा - 9,000 किमी और 6,400 किमी के बीच का अंतर।



## ट्रेंड

### सहकारिता अच्छा विकल्प



आज सहकारिता ने गाँव-गाँव में पैक्स व अन्य संस्थाओं से जुड़ीं महिलाओं के दरवाजे पर कंप्यूटर ला दिए। महिलाओं, किसानों व हर वर्ग को आत्मनिर्भर बनाने और कम पूँजी में स्वरोजगार के लिए सहकारिता से अच्छा कोई विकल्प नहीं है।
**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### कृषि उद्योग में निवेश



पिछले कुछ वर्षों में, हमने कृषि उद्योग में 3,200 करोड़ से अधिक के निवेश को सुगम बनाया है जिससे इस क्षेत्र में क्रांति आई है। इससे किसानों को अधिक बाजारों तक पहुँच बनाने, अपने उत्पादों का निर्यात करने, अपनी फसलों में विविधता लाने और अपनी आय बढ़ाने में मदद मिली है।
**-हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### गुरु आकाश जैसे विशाल



गुरु आकाश के जैसे विशाल और समुद्र के जैसे गहरे होते हैं, स्मरण रखिए इन दोनों ही स्थानों पर पदचिह्न नहीं पाए जाते। गुरु मार्ग का नहीं दिशा का निर्धारण करते हैं, वे अपने शिष्यों के लिए मार्ग बनाते नहीं हैं, अपने शिष्यों को मार्ग दिखाते हैं।
**-आशुतोष राणा, अभिनेता**

### अनिश्चित होकर जागना



मैंने कैंसर को झेला है। मुझे पता है कि अपने कल के बारे में अनिश्चित होकर जागना कैसा लगता है - लेकिन मैं यह भी जानता हूँ कि आशा कैसी होती है और यह आप सभी की तरह ही होती है!
**-युवराज सिंह, भारतीय क्रिकेटर**

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# जोकोविच ने रचा इतिहास, सेमीफाइनल में जगह बनाने के साथ फेडरर का रिकॉर्ड किया ध्वस्त

एजेंसी ▶▶| लंदन

नोवाक जोकोविच ने विंबलडन 2025 में इतिहास रच दिया है। उन्होंने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करने के साथ ही रोजर फेडरर के एक बड़े रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। इटली के फ्लेवियो कोबोली को चार सेटों के कड़े मुकाबले में 6-7 (6/8), 6-2, 7-5, 6-4 से हराकर, जोकोविच ने 14वीं बार विंबलडन के पुरुष एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले वे फेडरर के 13 सेमीफाइनल के रिकॉर्ड की बराबरी पर थे।

इसके साथ ही, यह जोकोविच का 52वां ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल है, जो पुरुष टेनिस में उनका अपना ही रिकॉर्ड है। यह उन्हें ओपन एरा में सबसे अधिक ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए क्रिस एवर्ट के रिकॉर्ड की बराबरी पर भी लाता है। 38 वर्षीय सर्बियाई स्टार अब अपने 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब की तलाश में हैं और सेमीफाइनल में उनका मुकाबला दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी जानिक सिनर से होगा।

### विंबलडन के मेंस सेमीफाइनल में सबसे ज्यादा बार पहुंचने वाले खिलाड़ी

1 नोवाक जोकोविच ने सबसे ज्यादा 14 बार (2007, 2010, 2011, 2012, 2013, 2014, 2015, 2018, 2019, 2021, 2022, 2023, 2024, 2025 ) विंबलडन के सेमीफाइनल में जगह बनाई है।

2 रोजर फेडरर ने 13 बार (2003, 2004, 2005, 2006, 2007, 2008, 2009, 2012, 2014, 2015, 2016, 2017, 2019) सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

3 जिमी कॉनर्स तीसरे नंबर पर हैं जिन्होंने (1974, 1975, 1977, 1978, 1979, 1980, 1981, 1982, 1984, 1985, 1987) 11 बार सेमीफाइनल में पहुंचे थे।



## सबालेंका को हराकर अनिसिमोवा फाइनल में, स्वियातेक से होगी भिड़ंत

**लंदन।** तेरहवीं वरीयता प्राप्त अमांडा अनिसिमोवा ने बृहस्पतिवार को यहां विम्बलडन में शीर्ष रैंकिंग पर काबिज आर्यना सबालेंका को 6-4, 4-6, 6-4 से हराकर उलटफेर करते हुए अपने करियर में पहली बार ग्रैंड स्लैम फाइनल में प्रवेश किया। अनिसिमोवा ने बर्नआउट के कारण एक साल पहले टेनिस से ब्रेक लिया था। न्यू जर्सी में जन्मी और फ्लोरिडा में पली-बढ़ी अनिसिमोवा 17 साल की उम्र में 2019 फ्रेंच ओपन में सेमीफाइनल में हार गई थीं। मई 2023 में उन्होंने यह कहते हुए टूर से ब्रेक ले लिया कि वह लगभग एक साल से मानसिक स्वास्थ्य से जूझ रही हैं। चौथे मैच प्वाइंट पर फोरहैंड विनर के साथ दो घंटे 36 मिनट के मुकाबले को समाप्त करने के बाद अनिसिमोवा ने कहा, "यह अभी वास्तविक नहीं लग रहा है। मुझे नहीं पता कि मैंने यह जीत कैसे हासिल की।" अब ट्रॉफी के लिए शनिवार को उनका सामना इगा स्वियातेक से होगा। पांच बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन स्वियातेक ने बेलिंडा बेनसिच को 6-2, 6-0 से हराकर पहली बार ऑल इंग्लैंड क्लब में फाइनल में जगह बनाई। इस तरह लगातार आठवीं बार विम्बलडन को नई महिला चैंपियन मिलेगी। सबालेंका अक्टूबर में स्वियातेक को हटाकर शीर्ष पर पहुंची थी। सबालेंका इस हार से सेरेना विलियम्स के बाद लगातार चार ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनने से चूक गईं। तेइस साल की अनिसिमोवा का विम्बलडन खत्म होने के बाद पहली बार डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष 10 में जगह बनाना तय है, चाहे खिताबी मुकाबले का नतीजा कुछ भी रहे। सबालेंका एक साल पहले कंधे में चोट के कारण विम्बलडन से चूक गई थीं।

## खबर संक्षेप

### विदेशी धरती पर लहराया भारत का परचम

**मैनचेस्टर।** भारत ने अपने स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत चौथे मैच में छह विकेट से जीत हासिल कर इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीतकर नया इतिहास रचा। इस जीत के साथ भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली है। अंतिम मैच शनिवार को बर्मिंघम में खेला जाएगा। भारत ने 2006 में डर्बी में खेले गए एकमात्र टी-20 मैच में इंग्लैंड को हराया था। उसके बाद से भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू और विदेशी धरती पर खेली गई प्रत्येक महिला टी-20 श्रृंखला में हारती रही थी। बुधवार की रात को खेले गए मैच में भारत की शानदार जीत में स्पिन गेंदबाजों ने अहम भूमिका निभाई।

### कैंफर पेशेवर क्रिकेट में पांच गेंद में पांच विकेट लेने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बने

**डबलिन।** आयरलैंड के ऑलराउंडर कर्टिस कैंफर बृहस्पतिवार को यहां अंतर-प्रांतीय टी20 ट्रॉफी मैच में नॉर्थ वेस्ट वारियर्स पर अपनी टीम मुंस्टर रेड्स की जीत के दौरान पांच गेंद में पांच विकेट लेने वाले पहले पुरुष पेशेवर क्रिकेटर बने। टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भी कैंफर ने चार गेंद में चार विकेट चटकाए हैं। कैंफर हालांकि पांच गेंद में पांच विकेट चटकाने वाले पहले क्रिकेटर नहीं हैं। यह सम्मान जिम्बाब्वे की महिला ऑलराउंडर केलिस नधलोवु को जाता है जिन्होंने 2024 में एक घरेलू टी20 टूर्नामेंट में ईगल्स महिला टीम के खिलाफ जिम्बाब्वे अंडर-19 के लिए पांच गेंद में पांच विकेट लिए थे।

### रेड्डी ने पहले ही ओवर में झटके दो विकेट

# रूट शतक की दहलीज पर, इंग्लैंड ने चार विकेट पर बनाए 251 रन

एजेंसी ▶▶| लंदन

जो रूट के नाबाद अर्धशतक से इंग्लैंड ने तीसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन बृहस्पतिवार को चार विकेट पर 251 रन बनाए लेकिन भारत ने रन गति पर नियंत्रण बनाए रखकर मुकाबले को अपनी पकड़ से बाहर नहीं जाने दिया। अपने 37वें शतक से सिर्फ एक रन दूर रूट 191 गेंद में नौ चौकों की मदद से 99 रन बनाकर खेल रहे हैं। दूसरे छोर पर कप्तान बेन स्टोक्स (102 गेंद में नाबाद 39) उनका साथ निभा रहे हैं। दोनों पांचवें विकेट के लिए अब तक 79 रन की साझेदारी कर चुके हैं। रूट ने इससे पहले ओली पोप (44) के साथ भी तीसरे विकेट के लिए 109 रन जोड़े। भारतीय गेंदबाजों ने हालांकि दिन के खेल के दौरान रन गति पर नियंत्रण बनाए रखा और अपने अति आक्रामक 'बैजबॉल' रवैये के लिए मशहूर मेजबान टीम 83 ओवर में 3.02 रन प्रति ओवर की गति से ही रन बना सकी। भारत की ओर से नितीश कुमार रेड्डी (46 रन पर दो विकेट) सबसे सफल गेंदबाज रहे जबकि जसप्रीत बुमराह (35 रन पर एक विकेट) और रविंद्र जडेजा (26 रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट चटकाया।

शुरुआती विकेट जल्दी गंवाने के बाद रूट और पोप (104 गेंद पर 44 रन) ने पारंपरिक टेस्ट मैच की बल्लेबाजी शैली अपनाई और तीसरे विकेट के लिए 109 रन की साझेदारी की। जडेजा ने तीसरे सत्र की पहली ही गेंद पर पोप को पवेलियन भेजकर रूट के साथ उनकी शतकीय साझेदारी को तोड़ा। पोप ने विकेट के पीछे ध्रुव जुरेल को कैच थमाया जो विकेटकीपर ऋषभ पंत की जगह जिम्मेदारी संभाल रहे थे। भारत को दूसरे सत्र में झटका लगा जब पंत चोटिल हो गए।




### चोटिल पंत की जगह जुरेल विकेटकीपिंग के लिए आए



भारतीय विकेटकीपर ऋषभ पंत गुरुवार को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन दूसरे सत्र के खेल के दौरान बाएं हाथ में चोट लगने के बाद मैदान से बाहर चले गए। पंत की जगह ध्रुव जुरेल को मैदान पर भेजा गया जबकि वह तीसरे टेस्ट के लिए अंतिम एकादश में भी शामिल नहीं थे। भारतीय उप कप्तान पंत को मैदान में दिए गए उपचार के बाद कोई फायदा नहीं हुआ, जिसके बाद जुरेल मैदान में उतरे। पारी के 34वें ओवर में जसप्रीत बुमराह की गेंद को लेग साइड में रोकने के लिए डाइव लगाने के बाद पंत दर्द से कराह रहे थे। पंत गेंद पर हाथ लगाने में कामयाब रहे लेकिन इसे पूरी तरह से रोक नहीं पाए। इसके बाद खेल कुछ देर के लिए रुका रहा क्योंकि भारतीय सहयोगी स्टाफ पंत के हाथ का उपचार करने के लिए मैदान में थे।

### हॉकी क्लब ओरांजे रूड

## भारत का शानदार प्रदर्शन, आयरलैंड को लगातार दूसरी बार हराया



एजेंसी ▶▶| आइंडहोवन (नीदरलैंड)

भारत ए पुरुष हॉकी टीम ने यूरोपीय दौरे पर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए हॉकी क्लब ओरांजे रूड में आयरलैंड को 6-0 से करारी शिकस्त दी। यह भारत ए की आयरलैंड के खिलाफ लगातार दूसरी जीत है, जिसे उसने दौरे के पहले मैच में 6-1 से हराया था।

उत्तम सिंह ने भारत ए के लिए पहला गोल किया, जिसके बाद कप्तान संजय ने स्कोर 2-0 कर दिया। इसके बाद मिडफील्डर मोहम्मद राहील मौसीन ने लगातार दो गोल दागे। अमनदीप लाकड़ा और वरुण कुमार ने एक-एक गोल किया। भारतीय टीम का अगला मुकाबला शनिवार को फ्रांस से होगा। भारतीय कोच शिवेन्द्र सिंह ने कहा कि टीम आयरलैंड के खिलाफ किए गए शानदार प्रदर्शन को फ्रांस के खिलाफ होने वाले मैच में भी जारी रखना चाहेगी।

उन्होंने कहा, 'आयरलैंड के खिलाफ हमारे दो मैच वाकई अच्छे रहे हैं और मैं खिलाड़ियों के प्रदर्शन से खुश हूं। अब हमारा सामना फ्रांस से होगा और मुझे उम्मीद है कि हमारी टीम अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखेगी।' आयरलैंड और फ्रांस के अलावा भारत दो सप्ताह के अपने यूरोपीय दौरे में इंग्लैंड, बेल्जियम और मेजबान नीदरलैंड के खिलाफ भी खेलेगा।



Blend of 8 Effective Ayurvedic Oils
Dr. Juneja's डा.ऑर्थो® Ayurvedic Oil, Capsules, Spray & Ointment
WORLD'S GREATEST BRANDS 2015-16 IUA
SELECTED NO.1 BRAND INDIA 2014
ज्योतिष्मती तेल ① रक्त संचारण में सुधार कर जोड़ों के लचीलेपन को बढ़ाने में सहायक है।
गन्धपुरा तेल ② जोड़ों के दर्द, मांसपेशियों में अकड़न और गठिया में सहायक।
निर्गुण्डी तेल ③ नसों के दर्द और जोड़ों की ऐंठन में फायदेमंद है।
चीड़ तेल ④ मांसपेशियों व सम्पूर्ण जोड़ों के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक।
पुदीना तेल ⑤ इसके ठंडक देने वाले गुण दर्द एवं सूजन को शांत करते है।
कपूर तेल ⑥ जोड़ों में अकड़न एवं दर्द कम करने में उपयोगी।
तिल तेल ⑦ मांसपेशियों और जोड़ों के दर्द एवं सूजन के लिए लाभकारी।
अलसी तेल ⑧ जोड़ों और मांसपेशियों में सूजन कम करने में सहायक है।
Dr. Ortho Oil — Helpful in Painful Conditions — 20% EXTRA
UIN-A02-AY-PB-2025
Knee Pain
Back Pain
Shoulder Pain
Wrist Pain
8 गुणकारी आयुर्वेदिक तेलों से बना डा. ऑर्थो तेल अंदर तक समाकर दर्द को कम करने में सहायता करता है। आयुर्वेदिक तेलों का यह मिश्रण उपयोग करने में सुरक्षित है। इसे खुले जख्मों पर न लगाएं।
मिलते जुलते नामों, विज्ञापन से सावधान
Clinically Tested* *For efficacy and safety.
24x7 Helpline: 7876977777
www.drorthooil.com

## खबर संक्षेप

### फ्रांसः जंगल में आग से विमानों का परिचालन बंद



**मारसेई।** फ्रांस में गर्म तेज हवाओं के कारण भड़की जंगल की आग देश के दूसरे सबसे बड़े शहर मारसेई तक पहुंच गई, कारण मारसेई से आने-जाने वाली सभी उड़ानें रोक दी गईं। आग संबंधी घटनाओं में कम से कम नौ लोग घायल हुए हैं और कई निवासियों को या तो अपने घर खाली करने पड़े या फिर वे घरों के अंदर बंद रहे।

### कोर्ट ने 'उदयपुर फाइल्स' की रिलीज पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' की कल होने वाली रिलीज पर बृहस्पतिवार को तब तक के लिए रोक लगा दी, जब तक केंद्र सरकार इस पर स्थायी प्रतिबंध लगाने की मांग वाली याचिकाओं पर फैसला नहीं ले लेती। मुख्य न्यायाधीश डी. के. उपाध्याय और न्यायमूर्ति अनीश दयाल की खंडपीठ ने याचिकाकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे दो दिन के भीतर अपनी शिकायत केंद्र सरकार से करें।

### यूरोपीय आयोग अध्यक्ष लेयेन को विश्वास मत

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने बृहस्पतिवार को आसानी से विश्वास मत हासिल कर लिया। यूरोपीय संघ (ईयू) के अधिकतर सांसदों ने उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को खारिज कर दिया। प्रस्ताव में वॉन डेर लेयेन के खिलाफ कई आरोप लगाए गए थे। फ्रांस के स्ट्रासबर्ग में यूरोपीय संसद के पूर्ण सत्र के दौरान यह प्रस्ताव 175 के मुकाबले 360 मतों से गिर गया।

### रूस ने यूक्रेन पर 400 ड्रोन-18 मिसाइलें दागीं

**कीव।** रूस ने गुरुवार सुबह यूक्रेन पर रात भर में लगभग 400 ड्रोन और 18 मिसाइलें दागीं। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने बताया है कि रूसी हमले में दो लोगों की मौत हो गई और 16 घायल हो गए। जेलेंस्की ने बताया कि इस हमले का मुख्य निशाना राजधानी थी। घटना के समय ज्यादातर लोग अपने घरों में सो रहे थे। पुलिस ने बताया कि कीव में रेजिडेंशियल बिल्डिंग्स, गाड़ियां, गोदाम, ऑफिस और गैर-आवासीय इमारतें जल गईं।

## देश के कई राज्यों में बाढ़ जैसे हालात, मंडी में राहत टुकड़ियां तैनात

# हिमाचल व उत्तराखंड में भारी बारिश का अलर्ट रुद्रप्रयाग में पहाड़ टूटा, कई नदियां उफान पर

एजेंसी/ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली/शिमला/मेंढर(जम्मू)

देश के कई राज्यों में इस समय भारी से बहुत भारी बारिश का दौर जारी है। बारिश से बाढ़ की स्थिति भी बन गई है। नदियां उफान पर हैं। इस बीच गुरुवार को मौसम विभाग ने 6 राज्यों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जबकि हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भारी बारिश का अनुमान लगाया है। उत्तराखंड में कई जगहों में लैंडस्लाइड हुई है। रुद्रप्रयाग में बद्रीनाथ रोड पर पहाड़ टूट गया। सेना ने हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में बाढ़ और भूस्खलन की वजह से शेष हिस्सों से कट चुके दूरदराज के गांवों तक राहत सामग्री पहुंचाने के लिए राज्य के प्रमुख स्थानों पर अपनी टुकड़ियां तैनात की हैं। मध्य प्रदेश के 14 जिलों में बारिश का ऑरेंज और 22 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं जम्मू कश्मीर में पुंछ जिले के एक पर्वतीय क्षेत्र में बृहस्पतिवार को बारिश के कारण हुए भूस्खलन के बाद एक लड़की की मौत हो गई। यह घटना मेंढर तहसील के चाक बोनाला इलाके में हुई। अधिकारियों ने बताया कि मृतका की पहचान 12 वर्षीय आफिया कौसर के रूप में हुई है। उधर, सेना ने पूर्वोत्तर के कई राज्यों में भारी बारिश और बाढ़ के मद्देनजर व्यापक मानवीय सहायता और आपदा राहत अभियान (एचएडीआर) शुरू किया है। उधर, महाराष्ट्र के नागपुर में तेज बारिश के कारण 71 गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूटा गया।

### मौसम विभाग का 6 राज्यों के लिए ऑरेंज अलर्ट

- लैंडस्लाइड से बद्रीनाथ हाईवे बंद है। जेसीबी मशीन से मलबा हटाया जा रहा
- नागपुर में बारिश के कारण 71 गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूटा गया
- पुंछ में बारिश के कारण भूस्खलन से एक लड़की की मौत



### पूर्वोत्तर में बाढ़ का कहरः भारतीय सेना ने करीब 3800 को बचाया

**गुवाहाटी (भाषा)।** सेना ने पूर्वोत्तर के कई राज्यों में भारी बारिश और बाढ़ के मद्देनजर व्यापक मानवीय सहायता और आपदा राहत अभियान (एचएडीआर) शुरू किया है। सेना के मुताबिक उसने पूरे क्षेत्र में 40 राहत टुकड़ियां तैनात की हैं और कुल 3,820 को बचाया है। सेना ने नगालैंड, असम और मणिपुर में समन्वित तैनाती के साथ 'ऑपरेशन जल राहत-2' के तहत बचाव अभियान शुरू किया है। सेना ने अबतक खाने के 1,361 पैकेट बांटे और पानी की 15,421 बोतलें वितरित की हैं। 2,095 को चिकित्सा सहायता प्रदान की गई है।

### वडोदरा पुल हादसाः नदी से 17 शव मिले, दो और लापता

**वडोदरा (भाषा)।** गुजरात के वडोदरा जिले में महिसागर नदी पर बने पुल के ढहने की घटना में मृतकों की संख्या बृहस्पतिवार को बढ़कर 17 हो गई जबकि दो-तीन लापता लोगों की तलाश अब भी जारी है। बुधवार सुबह पादरा कस्बे के निकट गंभीरा गांव के पास चार दशक पुराने पुल का एक हिस्सा ढह जाने से कई वाहन महिसागर नदी में गिर गए।

### हिप्रः सीएम सुक्खू ने किया दौरा, राहत सामग्री भेजी

**शिमला (भाषा)।** सेना ने हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में बाढ़ और भूस्खलन की वजह से शेष हिस्सों से कट चुके दूरदराज के गांवों तक राहत सामग्री पहुंचाने के लिए राज्य के प्रमुख स्थानों पर अपनी टुकड़ियां तैनात की हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अधिकारियों को विपक्ष के नेता जय राम ठाकुर के साथ समन्वय स्थापित करने और मंडी जिले में राहत प्रयासों में तेजी लाने के लिए प्रमुख योजनाओं को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया है। सेना के मुताबिक उसका एक ब्रिगेड कमांडर परिचालन अद्यतन जानकारी और बल की टुकड़ियों के साथ मंडी में मौजूद है। सेना के मुताबिक ब्रिगेड कमांडर की सीएम और मंडी के उपायुक्त संग बैठक की भी योजना है। सेना ने थुनाग, बग्सियाड और पंडोह सहित पूरे मंडी में राहत टुकड़ियां तैनात की हैं। सेना इस संकट के दौरान हिमाचल प्रदेश के नागरिकों को सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है और जरूरत के इस समय में नागरिक प्रशासन के साथ खड़ी है।"

## धर्मांतरण नेटवर्क का पता लगाने के लिए छांगुर बाबा व नसरीन रिमांड पर

भाषा/एजेंसी ▸▸ लखनऊ

- धर्मांतरण के जरिए 100 करोड़ से अधिक की संपत्ति जोड़ी
- धर्म परिवर्तन कराकर इस्लामिक संगठनों में बना रहा था पैठ

उत्तर प्रदेश आतंकवाद रोधी दस्ता (उप्र एटीएस) ने धर्मांतरण गिरोह और अवैध वित्तपोषण के स्रोतों का पता लगाने के लिए जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और उसकी सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन की हिरासत ले ली है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एटीएस अवैध वित्तपोषण से खरीदी गई बेनामी संपत्तियों का भी पता लगाएगी। अपर पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था) अमिताभ यश ने यहां पुलिस मुख्यालय में संवाददाताओं को बताया कि एटीएस द्वारा पूर्व में दर्ज मामले में पांच जुलाई को जलालुद्दीन और नसरीन को गिरफ्तार किया गया था। एक विशेष अदालत ने जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और उसकी सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन को एक सप्ताह की एटीएस हिरासत में भेजने का आदेश दिया। एटीएस अब इनके नेटवर्क, अवैध वित्तपोषण के स्रोतों और अवैध साधनों से खरीदी गई संपत्तियों के बारे में आरोपियों से पूछताछ करेगी।

### डेढ़ हजार से ज्यादा हिंदू लड़कियों का धर्म परिवर्तन कराया



गिरफ्तार छांगुर बाबा ने तीन से चार हजार से अधिक हिंदुओं को निशाना बनाया था, जिनको अपना अनुयायी बताता था। इनमें महिलाओं की संख्या 1500 से अधिक होने की आशंका जताई गई है। छांगुर बाबा के अवैध धर्मांतरण रैकेट की जांच करने वाली एसटीएफ को इसके पुख्ता सुराग मिले थे, जिसके बाद जांच का जिम्मा यूपी एटीएस को सौंप दिया गया। बाबा और उसके सहयोगियों पर 100 करोड़ के विदेशी फंडिंग का भी आरोप है। धर्मांतरण के लिए बाकायदा धनराशि तय कर रखी थी। ब्राह्मण, सरदार या क्षत्रीय लड़की को इस्लाम कबूल कराने पर 15-16 लाख, पिछड़ी जाति की लड़की के लिए 10 से 12 लाख व अन्य जाति की लड़कियों के लिए 8 से 10 लाख निर्धारित थे।

### छांगुर बाबा और सहयोगियों के अवैध अतिक्रमण पर चला बुलडोजर



**बलरामपुर।** जिले के उतरौला कस्बे से सटे मध्यपुर गांव में मतांतरण के आरोपों से घिरे छांगुर बाबा और उसके सहयोगियों के अवैध संपत्तियों पर गुरुवार को तीसरे दिन भी बुलडोजर की कार्रवाई जारी रही। 8 बुलडोजरों की मदद से लगातार ध्वस्तीकरण किया जा रहा है। लगभग एक एकड़ क्षेत्र में फैले बाबा और उसके सहयोगी नीतू और नवीन रोहर के संपत्तियों पर प्रशासन ने नोटिस जारी किया था।

## दिल्ली दंगा मामला

# कोर्ट ने आवश्यक दस्तावेज तैयार न करने पर पुलिस को फटकारा

भाषा ▸▸ नई दिल्ली

- जांच अधिकारी के आचरण के कारण मामले में देरी हुई

दिल्ली की एक अदालत ने फरवरी 2020 दंगों के एक मामले में आरोपियों को दिए जाने वाले दस्तावेजों की प्रतियों को तैयार करने में देरी को लेकर पुलिस के एक अधिकारी को फटकार लगाई। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रवीण सिंह ने चार जुलाई को कहा कि अभियोजन पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ एक पूरक आरोपपत्र, फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) रिपोर्ट और सबूतों वाली एक पेन ड्राइव दाखिल की है। अदालत ने कहा, ''हालांकि, जांच अधिकारी (आईओ) ने अभियुक्तों को दी जाने वाली प्रतियां तैयार नहीं की हैं। मुझे इस बात पर भी गौर करना होगा कि आईओ सुबह 10 बजकर 30 मिनट तक अदालत में पेश नहीं हुए और जब वे पेश हुए तब भी वे अभियुक्तों के लिए कोई प्रतियां नहीं लाए। आईओ के आचरण के कारण मामले में देरी हुई है।' यह जानकारी उत्तर-पूर्वी जिले के डीसीपी को दी जाए।

# हसीना पर मानवता के विरुद्ध अपराध का मुकदमा चलेगा

भाषा ▸▸ ढाका

- प्रदर्शन कर रहे 1400 लोगों की हत्या का आरोप
- बांग्लादेश के पूर्व पुलिस प्रमुख ने जुर्म कबूला



बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण में मानवता के विरुद्ध अपराध के एक मामले में अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ उनकी अनुपस्थिति में बृहस्पतिवार को औपचारिक रूप से आरोप तय किए गए। विशेष न्यायाधिकरण ने मुकदमे की शुरुआत की तारीख तीन अगस्त तय की है। अभियोजन के वकील ने बताया कि बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी-बीडी) ने हसीना के साथ-साथ उनके शासन के दौरान गृह मंत्री रहे असदुज्जमां खान कमाल और (तत्कालीन) पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) चौधरी अब्दुल्ला अल मामून के खिलाफ भी आरोप तय किए हैं।" तीनों के खिलाफ पिछले साल जुलाई-अगस्त में छात्रों के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शनों को दबाने के उनके प्रयासों के लिए मानवता के विरुद्ध अपराध का मुकदमा चलाने का आदेश दिया है। अभियोजकों ने कहा कि हसीना पर विद्रोह को दबाने के लिए नरसंहार, हत्या और यातना देने का आरोप लगाया गया है।

# यमन में भारतीय नर्स निमिषा को बचाने की आखिरी कोशिश!

- दखल के अनुरोध वाली याचिका पर सुको सुनवाई करेगा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने यमन में उस भारतीय नर्स को बचाने के लिए केंद्र को राजनयिक माध्यमों का इस्तेमाल करने का निर्देश देने का अनुरोध करने वाली याचिका पर सुनवाई के लिए बृहस्पतिवार को सहमति जताई जिसे हत्या के आरोप में 16 जुलाई फांसी दिए जाने की संभावना है। अधिवक्ता सुभाष चंद्रन के.आर. ने उच्चतम न्यायालय से कहा कि मामले में जल्द से जल्द राजनयिक माध्यमों की संभावनाएं तलाशी जानी चाहिए। इस पर न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जे. बागची ने मामला 14 जुलाई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता रजेंथ बसंत और चन्द्रन ने कहा कि शरिया कानून के तहत मृतक के परिवार को 'ब्लड मनी' के भुगतान की अनुमति पर विचार किया जा सकता है। उन्होंने दलील दी कि शरिया कानून के तहत मृतक के परिवार को ''ब्लड मनी'' के माध्यम से क्षमादान पर विचार किया जा सकता है। ''ब्लड मनी'' का मतलब दंड से बचने के लिए दिये जाने वाले उस आर्थिक मुआवजे से है, जो दोषी की तरफ से पीड़ित परिवार को दिया जाता है। उन्होंने दलील दी कि अगर ''ब्लड मनी'' का भुगतान किया जाता है।

### केरल की निमिषा प्रिया कैसे पहुंची यमन?

*इस कहानी की शुरुआत होती है साल 2018 से, जब निमिषा 18 साल की थी। निमिषा की मां दूसरे के घरों में काम करती थी। मां-बेटी का जीवन संघर्षों से भरा हुआ था। किसी तरह निमिषा ने नर्सिंग का कोर्स किया था। हालांकि, केरल में उसे नर्सिंग की नौकरी नहीं मिली। इसके बाद निमिषा को पता चला कि यमन में नर्सिंग के अच्छे अवसर हैं। 19 वर्ष की निमिषा अच्छे भविष्य के लिए यमन जाने के लिए तैयार हो गई। उस समय यमन में शांति थी। यमन में निमिषा को सरकारी अस्पताल में नौकरी भी मिल गई।*

# वकीलों को समन भेजने पर सुको ने खुद लिया संज्ञान

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश की सर्वोच्च अदालत ने वकीलों को जांच एजेंसियों द्वारा समन भेजने की घटनाओं को गंभीरता से लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर खुद संज्ञान लेते हुए स्वतः संज्ञान में मामला शुरू किया है। अदालत यह तय करेगी कि क्या सिर्फ कानूनी सलाह देने वाले वकीलों को सीधे जांच एजेंसियों द्वारा पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है या नहीं।



मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई, न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ 14 जुलाई को इस मामले की सुनवाई करेगी, जब ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद अदालत फिर से खुलेगी। हालांकि, जांच एजेंसी ने बाद में अपने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने मुवक्किलों के खिलाफ धन शोधन की जांच में किसी भी वकील को समन जारी न करें। ईडी ने 20 जून को जारी एक पत्र में आगे कहा कि इस नियम में कोई भी अपवाद केवल उसके निदेशक की अनुमति के बाद ही किया जा सकता है।

### क्या था पूरा मामला?

दोनों वकीलों ने केयर हेल्थ इंश्योरेंस लिमिटेड को एक कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना पर कानूनी राय दी थी। यह योजना रिलिगेयर एंटरप्राइजेज की पूर्व अध्यक्ष रश्मि सलूजा से जुड़ी थी। वकीलों को समन भेजे जाने पर सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) और सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स ऑन रिकॉर्ड एसोसिएशन ने कड़ा विरोध दर्ज कराया। ईडी ने वरिष्ठ वकीलों अरविंद दातार और प्रताप वेणुगोपाल को तलब किया था। 25 जून को न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि वकीलों को सीधे समन भेजना न्याय व्यवस्था की स्वतंत्रता के लिए खतरा है।

### शुभांशु शुक्ला 14 को धरती पर लौटेंगेः नासा

**नई दिल्ली (भाषा)।** अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और एक्सिओम-4 मिशन के चालक दल के तीन अन्य सदस्य 14 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से पृथ्वी पर लौटने के लिए तैयार हैं। नासा ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। 'नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन' (नासा) कमर्शियल क्रू प्रोग्राम के मैनेजर स्टीव स्टिच ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हम स्टेशन प्रोग्राम पर काम कर रहे हैं और एक्सिओम-4 की प्रगति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। मुझे लगता है कि हमें उस मिशन को अनडॉक (अलग करना) करना होगा और इसका मौजूदा लक्ष्य 14 जुलाई है।

### कोयंबटूर बम विस्फोट मामले में मुख्य आरोपी 29 साल बाद गिरफ्तार

**चेन्नई (भाषा)।** तमिलनाडु पुलिस के आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने कहा कि उसने 1998 के कोयंबटूर बम विस्फोट मामले के मुख्य आरोपी सादिक को गिरफ्तार कर लिया है। इस विस्फोट में 58 लोग मारे गए थे और 250 अन्य घायल हुए थे। सादिक तमिलनाडु में सांप्रदायिक हत्याओं से जुड़े मामलों में भी मुख्य आरोपी है। वह लगभग 29 साल से फरार था। विशिष्ट एवं विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर आतंकवाद निरोधक दस्ते और कोयंबटूर सिटी पुलिस की विशेष टीम ने सादिक को कर्नाटक के विजयपुरा जिले से गिरफ्तार कर लिया।

### अध्ययनः वायु प्रदूषण से बढ़ सकता है ब्रेन ट्यूमर का खतरा

**नई दिल्ली।** एक नए अध्ययन के अनुसार, वायु प्रदूषण न केवल दिल और फेफड़ों को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि यह ब्रेन में एक सामान्य ट्यूमर, मेनिन्जियोमा के खतरे को भी बढ़ा सकता है। मेनिन्जियोमा नामक ट्यूमर, जो



आमतौर पर कैंसररहित (नॉन-कैंसरस) होता है, मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी को ढकने वाली पतली परत (मेनिन्जेस) में बनता है। यह ट्यूमर ज्यादातर हानिरहित होता है, लेकिन कभी-कभी इसके कारण सिरदर्द, दौरे पड़ते हैं या ये अन्य न्यूरोलॉजिकल समस्याओं की वजह बन सकते हैं। न्यूरोलॉजी जर्नल में प्रकाशित इस अध्ययन में शोधकर्ताओं ने पाया कि प्रदूषण और मेनिन्जियोमा के बीच एक संभावित संबंध हो सकता है, हालांकि यह साबित नहीं हुआ कि प्रदूषण ही इसका कारण है। अध्ययन में ट्रैफिक से जुड़े प्रदूषकों जैसे नाइट्रोजन डाइऑक्साइड और अल्ट्राफाइन कणों (बारीक कण) का विश्लेषण किया गया, जो शहरी क्षेत्रों में अधिक पाए जाते हैं।

### ट्रंप गोली कांड सीक्रेट सर्विस के 6 एजेंट सस्पेंड

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर पिछले साल पेनसिल्वेनिया के बटलर में चुनावी रैली के दौरान जानलेवा हमला हुआ था। इस मामले में सीक्रेट सर्विस के छह एजेंटों को निलंबित कर दिया गया है।

इन एजेंटों पर सुरक्षा में गंभीर चूक का आरोप है। सीक्रेट सर्विस के डिप्टी डायरेक्टर मैट क्विन ने सीबीएस न्यूज को बताया कि निलंबन की अवधि 10 से 42 दिनों के बीच है और इस दौरान उन्हें वेतन नहीं मिलेगा।

## कनाड़ा में कपिल के कैफे पर फायरिंग बब्बर खालसा आतंकी ने ली जिम्मेदारी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कनाडा में कॉमेडियन कपिल शर्मा के रेस्टोरेंट पर गोलीबारी हुई है। इस हमले की जिम्मेदारी आतंकी हरजीत सिंह लड्डी ने ली है। लड्डी एनआईए का मोस्ट वांटेड आतंकी है और बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से जुड़ा है। बता दें कि कपिल शर्मा ने हाल ही में पत्नी गिन्नी चतरथ के साथ कनाडा में 'कैप्स कैफे' नाम का एक रेस्टोरेंट खोला था। उधर पुलिस ने इस गोलीकांड की जांच शुरू कर दी है। इंडियन एक्सप्रेस की खबर के मुताबिक, बुधवार रात को उनके रेस्टोरेंट पर फायरिंग हुई। फायरिंग के दौरान आसपास की इमारतों में भी गोलियां लगीं। इस हमले से वहां के लोगों में डर का माहौल है। वहां रहने वाले भारतीय भी डरे हुए हैं। पुलिस ने उस इलाके को घेर लिया है। वे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज से उन्हें यह पता लगाने में मदद मिलेगी कि हमला किसने किया।

## एचएसएल ने स्वदेशी रूप से डिजाइन के साथ किया निर्माण

# 18 को रक्षा मंत्री की मौजूदगी में नौसेना में शामिल होगा निस्तार युद्धपोत

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

विशेष श्रेणी का पहला गोताखोरी सहायता पोत (डीएसवी) निस्तार अगले सप्ताह 18 जुलाई 2025 को नौसेना के जंगी बेड़े में आधिकारिक रूप से शामिल किया जाएगा। इस दौरान विशाखापत्तनम स्थित नौसैन्य डॉकयार्ड में आयोजित किए जाने वाले एक महत्वपूर्ण समारोह में खुद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह विशेष तौर पर मौजूद रहेंगे। युद्धपोत को हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (एचएसएल) ने स्वदेश में ही डिजाइन के साथ विकसित किया है।

बीते दिनों एचएसएल ने निस्तार को नौसेना को सौंपा था। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। जिसमें बताया कि एक बार युद्धपोत के नौसेना में शामिल हो जाने के बाद इसे गहरे समुद्र में गोताखोरी और पनडुब्बी बचाव कार्यों में सहायता प्रदान करने के लिए पूर्वी नौसैन्य कमांड में तैनात किया जाएगा।

### युद्धपोत निर्माण में लगी 120 एमएसएमई



मंत्रालय ने बताया कि निस्तार केंद्र सरकार के उस दृढ़ विश्वास का प्रमाण है। जिसके जरिए रक्षा उत्पादन में स्वायत्तता और आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। चूंकि यह युद्धपोत देश के अंदर निर्मित है और इसके निर्माण में कुल 120 सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों ने भाग लिया है। इसमें लगाई गई 80 फीसदी से अधिक सामग्री स्वदेशी है। परियोजना को रक्षा मंत्रालय ने जटिल स्वदेशी जहाजों के डिजाइन और निर्माण के नौसेना के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में परिभाषित किया है। अपने पूर्व अवतार में निस्तार एक पनडुब्बी बचाव पोत था। जिसे भारतीय नौसेना ने वर्ष 1969 में तत्कालीन सोवियत संघ (यूएसएसआर) से प्राप्त किया था। इसके तीन साल बाद 1971 में इसे बल में कमीशन किया गया था। दो दशकों तक निस्तार ने नौसेना के गोताखोरी व पनडुब्बी बचाव कार्यों में अहम योगदान दिया। अब निस्तार के एक नए अवतार के साथ अपनी देशसेवा की पुरानी विरासत को आगे बढ़ाएगा। जिसका आदर्श वाक्य सुरक्षित यथार्थ शौर्यम् है। इसका अर्थ सटीकता और बहादुरी के साथ बचाव है।

### युद्धपोत में यह खास

#### ऑपरेशन थियेटर, गहन चिकित्सा इकाई

मंत्रालय ने कहा कि 120 मीटर लंबाई और लगभग 10 हजार टन से अधिक भार विस्थापन क्षमता वाले निस्तार में कई और खूबियां भी हैं। जिनमें विशाल डाइविंग कॉम्प्लेक्स, रिमोटली आपरेटेड व्हीकल्स, साइड स्कैन सोनार मौजूद है। इसके अलावा ऑपरेशन थियेटर, गहन चिकित्सा इकाई, आठ बिस्तरों वाला अस्पताल और हाइपरबेरिक चिकित्सा सुविधाएं भी इसमें मौजूद हैं। जो इसकी परिचालन क्षमताओं को कई गुना बढ़ाती हैं। निस्तार में समुद्र के अंदर दो महीने से अधिक तक यानी 60 दिनों से अधिक समय तक टिके रहने की क्षमता, हेलिकॉप्टर के जरिए परिचालन करने की सुविधा है। साथ ही 15 टन का समुद्री क्रेन इस युद्धपोत को एक बहुत ही सहायक बहुमुखी प्लेटफार्म बनाते हैं। नौसेना में कमीशन होने के साथ ही निस्तार से न केवल पूर्वी कमांड बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में भी बल की क्षमता में काफी बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

### रोबोट ने अकेले दम पर पित्ताशय की सर्जरी की

**नई दिल्ली (भाषा)।** अमेरिका में एक रोबोट मानव ऊतकों से बने पित्ताशय पर अकेले दम पर 100 फीसदी सटीकता के साथ सर्जरी करने में कामयाब रहा। शोधकर्ताओं ने इस घटनाक्रम को कृत्रिम मेधा (एआई) पर आधारित रोबोट को अस्पतालों में तैनात करने की दिशा में एक मील का पत्थर करार दिया है। 'साइंस रोबोटिक्स' पत्रिका में प्रकाशित शोध पत्र के मुताबिक, जॉन्स हॉपकिंस विवि के शोधकर्ताओं ने 'सर्जिकल रोबोट ट्रांसफॉर्मर-हेरारकी' (एसआरटी-एच) नाम के रोबोट को मृत सूअरों का ऑपरेशन करने वाले सर्जन के वीडियो दिखाकर सर्जरी का प्रशिक्षण दिया। 'एसआरटी-एच' उन एआई एल्गॉरिद्म से संचालित होता है, जिन पर 'चैट जीपीटी' जैसे सॉफ्टवेयर काम करते हैं। रोबोट ने ऑपरेशन थिएटर में चिकित्सकों की टीम के साथ नौसिखिए सर्जन की बारीकी से सर्जरी की कला सीखी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25